
सोने एवं चांदी आभूषणों के विक्रेता
माँ दुर्गा ज्वेलर्स
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

आवश्यकता है
मीडिया हाउस
में काम करने के लिए
ऑफिस बॉय की जरूरत है।
वेतन चार अंकों में ....
पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 8319932659

वर्ष- 14 अंक - 321 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 3 सितंबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास - खबर

### जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान हीथ स्ट्रीक का निधन, कैंसर से थे पीड़ित

**नईदिल्ली ( एजेंसी )।** जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान हीथ स्ट्रीक का निधन हो गया। रविवार सुबह माटाबेलेलैंड स्थित उनके फार्म पर परिवार के बीच उन्होने अंतिम सांस ली। वे 49 वर्ष के थे। उनके परिवार के प्रवक्ता जॉन रेनी ने उनके निधन की पुष्टि की। हीथ स्ट्रीक लंबे समय से कैंसर की बीमारी से लड़ रहे थे।



जिम्बाब्वे के महानतम क्रिकेटरों में से एक स्ट्रीक ने टेस्ट में 216 और वनडे में 239 विकेट लिए और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद जिम्बाब्वे, बांग्लादेश सहित कई अंतरराष्ट्रीय टीमों और इंडियन प्रीमियर लीग में कोलकाता नाइट राइडर्स और राजकोट की टीम को कोचिंग दी। वह टेस्ट और वनडे दोनों में 100 विकेट लेने वाले जिम्बाब्वे के पहले क्रिकेटर थे। वह 100 टेस्ट विकेट और 1000 टेस्ट रन का डबल पूरा करने वाले देश के एकमात्र क्रिकेटर हैं और वनडे में 2000 रन बनाने और 200 विकेट लेने वाले देश के एकमात्र क्रिकेटर हैं। स्ट्रीक ने 1993 में अपना टेस्ट और वनडे डेब्यू किया और 1999-2000 सीजन में उन्हें टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। स्ट्रीक पर 2018 में भ्रष्टाचार विरोधी संहिता का उल्लंघन करने के लिए 2021 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने आठ साल का प्रतिबंध लगाया था।

### सर्जिकल स्ट्राइक के हीरो को दी गई मणिपुर के हालात सुधारने की जिम्मेदारी

**इंफाल ( एजेंसी )।** मणिपुर में पिछले तीन महीने से हिंसा पूरी तरह से थमी नहीं है। अब राज्य में तनाव से निपटने का काम सेना के एक रिटायर्ड अधिकारी को सौंप दिया गया है। उन्होंने 2015 में म्यांमार में हुई सर्जिकल स्ट्राइक में अहम भूमिका निभाई थी। 24 अगस्त को मणिपुर सरकार ने कर्नल (रिटायर्ड) नेक्टार संजेनबम को मणिपुर पुलिस विभाग में सीनियर सुपरिंटेंडेंट (कॉम्बैट) के तौर पर तैनात कर दिया है।


# पहाड़ों पर इस बार किसका परचम!

## सरगुजा और बस्तर की 26 सीटों पर भाजपा व कांग्रेस ने लगाया पूरा जोर

### सीएम भूपेश खोल चुके हैं खजाना तो भाजपा के लिए धर्मांतरण होगा बड़ा मुद्दा

श्रीकंचनपथ न्यूज़

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ की पहाड़ी पट्टियों पर परचम लहराने की कोशिशें लगातार तेज़ होती जा रही है। 2018 के चुनाव में इन पहाड़ों से भाजपा का सूपड़ा साफ हो गया था। नतीजा यह निकला कि पार्टी को सत्ता से ही बेदखल होना पड़ा। शायद इसीलिए इस बार भाजपा ने इन पहाड़ी पट्टियों पर अपना पूरा जोर लगा दिया है। कांग्रेस भी इस मामले में पीछे नहीं है। सत्तारूढ़ दल ने हाल ही में इन पहाड़ी क्षेत्रों के लिए करीब 1000 करोड़ का खजाना खोला था। भाजपा इन क्षेत्रों में जहां धर्मांतरण को बड़ा मुद्दा बनाने की तैयारी में है, वहीं कांग्रेस अपनी पंचवर्षीय सत्ता के दौरान कराए गए विकास कार्यों को सत्ता की सीढ़ी मानकर चल रही है। शनिवार को जब केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी छत्तीसगढ़ पहुंचे तो उनके जेहन में इन्हीं पहाड़ों के मूल निवासी थे। राहुल गांधी ने जहां वनवासी और आदिवासी का अंतर समझाने की कोशिश की तो शाह ने साफ कहा कि आदिवासियों के साथ डांस करने से उनका कल्याण नहीं होने वाला। आने वाले दिनों में आदिवासियों के बीच यह मुद्दा गरमाने के आसार हैं।




| Party | Won | Change |
|---|---|---|
| Indian National Congress | 68 | 29 |
| Bharatiya Janata Party | 15 | -34 |
| Janta Congress Chhattisgarh (J) | 5 | 5 |
| Bahujan Samaj Party | 2 | 1 |
| Total | 90 | |

राज्य के सरगुजा और बस्तर जैसे पहाड़ी व आदिवासी क्षेत्रों की कुल 26 सीटें सत्ता तक पहुंचने वाले मखमली कालीन की तरह है। 2018 के चुनाव में सरगुजा की 14 सीटों में भाजपा को कोई नामलेवा भी नहीं मिल पाया। इसी तरह बस्तर की 12 सीटों में से उसके खाते में महज 1 सीट आई थी। यह सीट भी उपचुनाव में कांग्रेस के पाले में चली गई। इन 26 सीटों से पूरी तरह हाथ धोने का खामियाजा भाजपा को सत्ता से बेदखली के रूप में भुगतना पड़ा। इसलिए अब जब भी भाजपा का कोई शीर्षस्थ नेता छत्तीसगढ़ आता है तो वह इन क्षेत्रों का दौरा करने या गुणगान करने से नहीं चूकता। वजह एक बार फिर 14 प्लस 12 सीटें हैं। शनिवार को जब केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ दौरे पर आए तो सरायपाली में जनजाति समाज के अभिनंदन कार्यक्रम में आदिवासी समुदाय के लिए किए गए कार्यों का खूब बखान किया। उन्होंने बताया कि पहले अनुसूचित जनजाति के लिए बजट 24 हजार करोड़ रूपए था, जिसे मोदी सरकार ने बढ़ाकर 1 लाख 19 हजार करोड़ किया। 12 आदिवासी समुदायों को आदिवासी श्रेणी का प्रमाण पत्र देने का विधेयक सदन में पारित कराया गया, जिसके चलते इन आदिवासियों के बच्चे भी उच्च शिक्षा हासिल कर बड़े पदों तक जा सकेंगे। इतना ही नहीं डॉ. रमन सिंह की सरकार ने आदिवासियों के लिए आरक्षण 20 से बढ़ाकर 32 फीसद किया था।

यह भी एक संयोग था कि जिस दिन शाह का छत्तीसगढ़ आना हुआ, उसी दिन कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का भी कार्यक्रम तय था। राहुल के केन्द्र में भी आदिवासी ही थे। उन्होंने आरएसएस व भाजपा द्वारा आदिवासियों को वनवासी कहने को अपमानजनक बताया तो वनवासी की जगह मूल निवासी शब्द पर ज्यादा जोर दिया। उनका कहना था कि वनवासी शब्द आदिवासियों को जंगल तक सीमित करता है। राहुल इससे पहले भी इस मुद्दे पर अपने विचार रख चुके हैं। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान जब वे मध्यप्रदेश पहुंचे थे तो उन्होंने संघ व भाजपा की आलोचना करते हुए आदिवासियों से माफी तक मांगने की मांग कर दी थी। कर्नाटक और गुजरात चुनाव में भी राहुल इस मुद्दे को उठा चुके हैं। कांग्रेस नेता का कहना था कि आदिवासियों को जल-जंगल व जमीन का अधिकार होना चाहिए।

### सत्ता की नदी पर धर्मांतरण की पतवार

छत्तीसगढ़ भाजपा इस बार धर्मांतरण को बड़ा मुद्दा बनाने की तैयारी में है। पार्टी का मानना है कि प्रदेश में पिछले करीब 5 वर्षों में धर्मांतरण का खेल जमकर खेला गया है। इससे आदिवासी समुदाय में गहन नाराजगी है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, चुनावी संकल्प पत्र में भी भाजपा इस मुद्दे को प्रमुखता से शामिल करने जा रही है। इससे पहले केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जो 104 पृष्ठ का आरोप पत्र जारी किया, उसमें भी धर्मांतरण के मुद्दे को प्रमुखता से लिया गया है। स्वयं शाह ने आरोप लगाया था कि यहां दलितों और आदिवासियों का खुलेआम धर्मांतरण हो रहा है, लेकिन वोटबैंक के लालच में इसे रोका नहीं जा रहा है। भाजपा को उम्मीद है कि धर्मांतरण का मुद्दा भाजपा को बड़ा चुनावी लाभ दे सकता है। पार्टी को इस बार न केवल सरगुजा अपितु बस्तर से भी काफी उम्मीदें हैं। पिछले दिनों उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेब के बयान का हवाला देते हुए भाजपा मान रही है कि सरगुजा में उसे 8 से 10 सीटें मिल सकती है। गौरतलब है कि सिंहदेव ने पिछले दिनों संभावना जताई थी कि 2018 की तुलना में इस बार सरगुजा में कांग्रेस की सीटें कम हो सकती है। भाजपा नेताओं का मानना है कि पिछली दफा सरगुजा के लोगों ने इस उम्मीद के साथ वोटिंग की थी कि टीएस सिंहदेव मुख्यमंत्री बनेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इस बार वह स्थिति नहीं है। वहीं, सरगुजा में कांग्रेस में आंतरिक गुटबाजी भी है। इसका भी भाजपा को लाभ मिलेगा।

### विपक्ष में रहते ही क्यों याद आता है धर्मांतरण

धर्मांतरण को मुद्दा बनाए जाने की भाजपाई कोशिशों को कांग्रेस ने आड़े हाथों लिया है। कांग्रेस का सवाल है कि आखिर भाजपा को विपक्ष में रहते हुए ही धर्मांतरण की याद क्यों आती है? कांग्रेस का दावा है कि राज्य में धर्मांतरण कोई मुद्दा नहीं है। जानकारियों के मुताबिक, कांग्रेस ने भाजपा शासन के 15 सालों के दौरान हुए धर्मांतरण और चर्चों की स्थापना का पूरा डाटा जुटा रखा है। कांग्रेस सूत्रों का दावा है कि उन 15 सालों में जितनी चर्च बनी, उतनी पहले कभी नहीं बनी। उस समय भाजपा के लोग आंखें मूंदे बैठे थे। भारतीय संविधान सभी को धर्म को मानने या और उसके प्रचार-प्रसार का अधिकार देता है। इसी संविधान की वजह से भाजपा अपने शासनकाल में चुपचाप बैठी रही, क्योंकि कहीं कुछ गलत नहीं हो रहा था। कांग्रेस के शासन में भी यही स्थिति है।

## मौसम ने ली करवट, दुर्ग-भिलाई समेत राजधानी में झमाझम बारिश, उमस से राहत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीगढ़ कई जिलों में आज सुबह से ही झमाझम बारिश हो रही है। रायपुर, भिलाई-दुर्ग में बीते शनिवार को देर शाम बारिश हुई। इसके बाद रात में भी छीटें पड़ी। आज सुबह से ही दुर्ग-भिलाई और राजधानी में बादल छाए हुए हैं। इसके साथ ही झमझाम बारिश भी हो रही है। वहीं भिलाई में युवक-युवतियों ने भारी उमस के बीच हो झमाझम बारिश का मजा भी ले रहे है। दो दिनों की बारिश से निचले इलाकों में जल भराव की स्थिति बनी हुई है। लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली है। कल सोमवार को भी छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले कुछ दिनों तक मौसम में कोई बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद प्रदेशभर में झमाझम बारिश हो सकती है। बीते कुछ दिनों से मानसून पर ब्रेक लग गया था। इससे तापमान बढ़ने लगा था और लोग उमस और गर्मी से परेशान थे। बीते दिनों देर शाम बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। इसके साथ ही तापमान में गिरावट हो सकता है। प्रदेशभर के कई इलाकों में गरज चमक के साथ मध्यम बारिश हो सकती है। कुछ जगहों पर भारी बारिश की संभावना है।

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में सुबह से ही तेज धूप था। लोग उमस और गर्मी से परेशान थे। इसके बाद देर शाम को राजधानी में मौसम का मिजाज



बदला और मौसम सुहावना हो गया है। शाम को हल्की मध्यम बारिश हुई। कल प्रदेश के कई इलाकों में बारिश हुई है। आज भी प्रदेश में कहीं-कहीं हल्की मध्यम बारिश, तो कहीं झमाझम बारिश होने की संभावना है।

### यहां बन रहा सिस्टम

औसत समुद्र तल पर मानसून द्रोणिका का हिमालय की तरह पर बनी हुई है। एक द्रोणिका विदर्भ से दक्षिण आंतरिक कर्नाटक तक समुद्र तल से 0.9 किलोमीटर ऊपर बनी हुई है। एक चक्रीय चक्रवती परिसंचरण पूर्वोत्तर बंगाल की खाड़ी और आसपास के क्षेत्र पर औसत समुद्र तल से 4.5 किलोमीटर ऊपर बना हुआ है। ऊंचाई के साथ दक्षिण-पश्चिम की ओर झुका हुआ है।

## आदित्य एल1 को लेकर इसरो का बड़ा अपडेट, अंतरिक्ष में लगा दी पहली छलांग

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत के महत्वाकांक्षी सौर मिशन आदित्य-एल1 को लेकर इसरो ने बड़ा अपडेट दिया है। आदित्य एल- 1 ने आज पहली बार अपनी कक्षा बदल दी है। यह 235×19500 किलोमीटर की कक्षा से अब सफलतापूर्वक 245×22459 किलोमीटर की कक्षा में पहुंच चुका है। इसे सूर्य की ओर पहली छलांग भी कहा जा सकता है। 16 दिनों के दौरान आदित्य एल1 पांच बार अपनी कक्षा बदलेगा और इसके बाद एल 1 पॉइंट की ओर छलांग लगा देगा। बता दें कि सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से 2 सितंबर को लॉन्चिंग के 63 मिनट 19 सेकंड बाद ही आदित्य एल-1 पृथ्वी की कक्षा में स्थापित हो गया था। अब उसके थ्रस्टर में फायर करके इसकी कक्षा में परिवर्तन कर दिया गया है। इसका पूरा कंट्रोल धरती से किया जा रहा है। धीरे-धीरे आदित्य एल-1 अपनी कक्षाओं में चार बार और परिवर्तन करेगा। अगली फायरिंग 5 सितंबर को की जाएगी। और अंत में 16 दिन पूरे होने पर यह सूर्य की ओर प्रस्थान कर देगा।




आदित्य एल-1 15 लाख किलोमीटर की दूरी चार महीने में तय करेगा और फिर लैंगरेंज पॉइंट-1 तक पहुंच जाएगा। यह ऐसा बिंदु है जहां सूर्य और पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण बैलेंस हो जाता है। यहां किसी ऑब्जेक्ट को ठहरने के लिए ज्यादा ऊर्जा नहीं लगानी पड़ती। दूसरी बात यहां से सूर्य ग्रहण का भी असर नहीं होता। ऐसे में हमारा आदित्य एल-1 लगातार सूर्य पर निगाह रख पाएगा और अंदर तक झांक पाएगा। आदित्य एल-1 में फायरिंग के जरिए ही इसे एल-1 पर हेलो ऑर्बिट में स्थापित किया जाएगा। इसरो के मुताबिक आदित्य एल-1 6 जनवरी तक एल-1 पॉइंट तक पहुंच जाएगा। आदित्य एल-1 के साथ सात पेलोड भेजे गए हैं जो कि सोलर विंड, चुंबकीय क्षेत्र के साथ अन्य क्रियाओं का अध्ययन करेंगे।

## बाबू ने सवा करोड़ सरकारी फंड से खेला ऑनलाईन सट्टा, चिट्ठी से खुला राज



श्रीकंचनपथ न्यूज

**बस्तर।** छत्तीसगढ़ शासन के एक कर्मचारी ने सरकारी रुपए का ऑनलाइन सट्टा खेल दिया। सट्टा वह भी एक-दो या पांच हजार का नहीं... बल्कि पूरे सवा करोड़ रुपए का। इस बात का खुलासा तब हुआ जब सरकारी कर्मचारी ने अपने अफसरों को सट्टा में रुपए हारने की जानकारी चिट्ठी लिखकर दी। पहले तो अफसरों को यकीन ही नहीं हुआ कि बाबू ऐसा कर सकता है, लेकिन जब खातों की जांच की गई तब उनके होश उड़ गए। अब अफसरों ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

सट्टा में सरकारी रुपए हारने का यह कारनामा मत्स्य विभाग में हुआ है। बस्तर संभाग के आदिवासी जिला कोंडागांव और नारायणपुर में शासन ने मछली पालन को बढ़ावा देने और आदिवासियों को विकास योजनाओं से जोड़ने के लिए रुपए भेजा था। यहां पदस्थ सहायक ग्रेड-2 के बाबू संजय गढ़पाले ने सरकारी रकम 1.26 करोड़ रुपए का गबन कर डाला। संजय ने खुद विभाग के बड़े अफसरों को चिट्ठी लिखकर इस बात का खुलासा किया है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि साहब मैं सरकारी रकम सट्टे में हार गया। अधिकारियों के हाथों में चिट्ठी आते ही विभाग में हड़कंप मच गया।

### सालभर से चल रहा था खेल

मत्स्य विभाग के अफसरों ने सरकारी खातों की जांच करवाई तब पता चला खाते में वाकई में रकम नहीं है। पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई, जिसके बाद यह मामला खुला। जांच में यह बात भी सामने आई है कि कर्मचारी एक साल से अलग-अलग मदों की राशि अपने खाते में डाल रहा था और उसी पैसे को निकालकर सट्टा खेलता रहा। सबसे आश्चर्य की बात तो यह है कि बाबू लगातार पैसे निकालता रहा और किसी अफसर को इसकी भनक तक नहीं लगी।

### विभागीय शिकायत की जांच की जा रही

कोंडागांव कोतवाली के थाना प्रभारी प्रहलाद यादव ने बताया कि मत्स्य विभाग की शिकायत मिली है। विभाग ने जो पत्र लिखा हैं। मत्स्य विभाग के नारायणपुर से 81 लाख रुपये और कोंडागांव से 45 लाख रुपये के गबन की बात अफसर बता रहे हैं। कर्मचारी सालभर से सरकारी रुपये को अपने खाते में जमा कर खर्च कर रहा था, लेकिन किसी भी अफसर को इसकी जानकारी नहीं हुई। बाबू को थाने बुलाकर पूछताछ की जा रही है। विभागीय आवेदन पर जांच कर रहे हैं।

## सरकार के खिलाफ भारी भरकम आरोपपत्र

श्रीकंचनपथ




1970-80 के दशक तक परीक्षाओं में वर्णनात्मक प्रश्न ही ज्यादा पूछे जाते थे। कहा यह भी जाता था कि जितने पन्ने भरोगे, उतने ज्यादा अंक मिलेंगे। यहां तक कहा जाता था कि कापियों को जांचने वाला पहले उसे हाथ में उठाकर अंदाजे में तौलते हैं और फिर प्राप्तांक भर देता हैं। कुछ परीक्षार्थी इतने शरारती होते थे कि उत्तर के आरंभ में प्रश्न को ही तोड़ मरोड़कर दोहरा देते थे और फिर किसी फिल्म की स्टोरी लिख देते थे। कुछ लोग ज्यादा पन्ने भरने के लिए एक-एक लाइन छोड़कर बड़ा-बड़ा लिखते थे। आज भी ऐसे कई परीक्षार्थी मिल जाएंगे तो उत्तर पुस्तिका को भरने और सजाने में महारत रखते हैं। इन्होंने भले ही सभी प्रश्नों के जवाब गलत दिये हों पर इनकी प्रस्तुति ऐसी होती है कि परीक्षक बिना नंबर दिये नहीं रह पाता। इसलिए ऐसे परीक्षार्थी भी बड़ी संख्या में उत्तीर्ण हो जाते हैं। जब यह मुसीबत बड़ी हुई तो इसका काट ढूंढी गई। परीक्षाओं में वस्तुनिष्ठ सवाल ज्यादा पूछे जाने लगे। इसकी जांच में भी धांधली हुई तो ओएमआर शीट का चलन प्रारंभ हुआ। कापियां जांचने का काम कम्प्यूटर के हाथों में चला गया। इंसानों की विश्वसनीयता पर यह पहला बड़ा हमला था। परीक्षार्थियों के साथ-साथ यह परीक्षक और उत्तर पुस्तिकाओं को जांचने वालों की योग्यता और नीयत को कलंकित करने वाला था। इसलिए राजनीति की पाठशाला को इस परिवर्तन से मुक्त रखा गया। यहां आज भी वर्णनात्मक शैली ही अपनाई जाती है। लोग आज भी अल्लम-गल्लम लिखकर पास हो जाते हैं। ऐसे परीक्षार्थी को उत्तर पुस्तिका को सजाना खूब आता है। भाजपा के आरोपपत्र का भी यही हाल है। दरअसल, पिछले एक दशक से यह पार्टी केवल नेहरू-गांधी पर ही रिसर्च कर रही है। खुद अपने काम-काज पर वह किसी भी सवाल का जवाब नहीं देती। वह भूल जाती है कि यह भी सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है कि वह जनता के सवालों का जवाब दे। इसलिए जब आरोप पत्र तैयार करने की बात आई तो नए सिरे से मंथन शुरू करना पड़ा। सबकुछ लिख लेने के बाद भी वह ज्यादा प्रभावकारी नहीं लग रहा था। तब उसमें कार्टून और कैरीकेचर डाले गए। जब इससे भी बात नहीं बनी तो आरोप पत्र पेश करने वाले बड़बोले ने कहा कि आरोप यहीं खत्म नहीं हो जाते। जब उनकी सरकार आएगी तो वो घोटाला करने वालों को उलटा लटकाकर फिर सीधा करेंगे। इसका मतलब चाहे जो भी होता हो, जनता को इस तरह के डायलॉग बी-ग्रेड की फिल्मों में ही सुनने को मिलते हैं। देश की नब्ज समझने का दावा करने वालों को, काश! पता होता कि बी-ग्रेड फिल्मों को बी-ग्रेड कहते ही इसलिए हैं कि उसके ज्यादा लेवाल नहीं होते। उनका ऐसा कहना, कांग्रेस के इन आरोपों की ही पुष्टि करता है कि ईडी और आईटी लोगों को उलटा लटकाती हैं। ऐसा तो फिल्मों में विलेन करता है। फिर अंजाम क्या होता है, सब जानते हैं।

हर्ष मीडिया एडवरटाईजर्स के
बढ़ते कदम....



LED SCREEN
के माध्यम से प्रचार-प्रसार के लिए
संपर्क करे

शॉप-12, प्रेस परिसर, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
शहीद भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

अब राजधानी रायपुर सहित
पूरे प्रदेश में....

- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- जयस्तंभ चौक, सिन्धु सदन, किरण होटल, रायपुर, जिला-रायपुर
- संदेश बन्धु बिल्डिंग परिसर, वीआईपी चौक मोड, वार्ड क्रमांक-51, तेलीबांधा, रायपुर, जिला-रायपुर
- पचपेड़ी नाका चौक, रायपुर, जिला-रायपुर
- मिलन स्वीट्स, रेलवे स्टेशन चौक, रायपुर
- नेशनल हाईवे-53, पावर हाउस रेलवे स्टेशन, भिलाई, जिला-दुर्ग
- पाटन पुल,उतई (मा. मुख्यमंत्री विधानसभा क्षेत्र), जिला-दुर्ग
- आकाशगंगा चौपाटी, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
- सिरसा गेट चौक, भिलाई-3, जिला दुर्ग
- अग्रसेन चौक, बिलासपुर, जिला - बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, टिकट काउंटर के सामने, गेट नं.-03, बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, प्लेटफॉर्म नं.-01, गेट नं.-04, बिलासपुर
- पड़ाव चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली
- दाऊपारा चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली

Harsh Media Advertisers



Contact_-
9303289950
9131425618
9827806026

## संपादकीय

# सीट बंटवारे का सवाल

विपक्षी दलों के I.N.D.I.A. गठबंधन के नेताओं की मुंबई में हुई दो दिवसीय बैठक से निकले नतीजों पर गौर करें तो साफदिखता है कि लोकसभा चुनाव समय से पहले होने की अटकलों को गठबंधन नेतृत्व ने गंभीरता से लिया है। जो तीन प्रस्ताव इस बैठक में स्वीकार किए गए, उनमें भी इसकी छाप नजर आती है। पहले प्रस्ताव में ही यह साफ कर दिया गया है कि अगला लोकसभा चुनाव जहां तक संभव होगा, साथ लड़ेंगे। यह घोषणा एक तरह से इस आशंका या सवाल को समाप्त कर देती है कि पता नहीं ये दल एक साथ आ पाएंगे या नहीं। कहा जा सकता है कि वे साथ आ चुके हैं। हालांकि इन दलों के बीच हितों का जो सहज टकराव था, वह दूर नहीं हुआ है। इसीलिए सिर्फ लोकसभा चुनावों की बात की गई। इसमें विधानसभा चुनावों को शामिल नहीं किया गया है। यही नहीं, 'जहां तक संभव होगा' का प्रयोग बताता है कि सही अर्थों में सहमति बनाने के लिए अभी काफी मशक्कत करने की जरूरत पड़ेगी और ऐसी भी सीटें होंगी ही, जहां तमाम मशक्कतों के बावजूद सहमति नहीं बन पाएगी। ऐसे ही दूसरे प्रस्ताव में कहा गया है कि I.N.D.I.A. के सदस्य जल्द से जल्द सार्वजनिक रैली आयोजित करना शुरू कर देंगे। तीसरे प्रस्ताव में कम्युनिकेशन और मीडिया स्ट्रैटेजी का जिक्र करते हुए स्पष्ट किया गया कि यह 'जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया' पर आधारित होगा। जाहिर है, ये तीनों प्रस्ताव जल्द से जल्द चुनाव प्रचार के मोड में आने का ही ऐलान हैं। 13 सदस्यों की जो को-ऑर्डिनेशन कमिटी घोषित की गई है, वह भी काफी महत्वपूर्ण है। इसमें सभी प्रमुख दलों को जगह दी गई है और यह इस गठबंधन की सर्वोच्च निर्णायक इकाई के रूप में काम करेगी। इस घोषणा के जरिए यह भी सुनिश्चित करने की कोशिश हुई है कि सीटों के बंटवारे को लेकर जो भी मुद्दे उठने वाले हैं वे उठें तो जरूर, लेकिन सार्वजनिक तौर पर अनिश्चितता या असमंजस का कारण न बनें। इसकी संभावना कम इसलिए हो गई है क्योंकि को-ऑर्डिनेशन कमिटी के रूप में इन मुद्दों को निपटाने का एक मैकेनिज्म अस्तित्व में ला दिया गया है। हालांकि अलग-अलग विचारधारा, नीति, अजेंडा और हितों वाले दलों का साथ चलना कितना मुश्किल है, यह इससे भी पता चलता है कि पहले से घोषणा हो जाने के बावजूद संगठन का लोगो जारी नहीं किया जा सका। संयोजक को लेकर भी किसी नाम की घोषणा नहीं हो सकी। वैसे मानकर चलना चाहिए कि आगे ऐसी और भी असहमतियां सामने आएंगी। हो सकता है मतभेद मनमुटाव का भी रूप लेते दिखें। लेकिन ये दल मुंबई में की गई घोषणाओं पर कायम रहें तो इतना जरूर है कि सत्तारूढ़ पक्ष के लिए साझा चुनौती ये बन चुके हैं। भारतीय लोकतंत्र के मौजूदा मोड़ पर विपक्ष के स्पेस की राजनीति के लिए यह छोटी बात नहीं।

> “इस घोषणा के जरिए यह भी सुनिश्चित करने की कोशिश हुई है कि सीटों के बंटवारे को लेकर जो भी मुद्दे उठने वाले हैं वे उठें तो जरूर, लेकिन सार्वजनिक तौर पर अनिश्चितता या असमंजस का कारण न बनें। इसकी संभावना कम इसलिए हो गई है क्योंकि को-ऑर्डिनेशन कमिटी के रूप में इन मुद्दों को निपटाने का एक मैकेनिज्म अस्तित्व में ला दिया गया है।

## असहमत मंचों की मुसीबत

वर्तमान सरकार के शासनकाल में विपक्षी नेताओं के खिलाफ सरकारी एजेंसियां की विवादित कार्रवाइयां और प्रेस की स्वतंत्रता पर हमले की चर्चा खूब रही है। कई विदेश संस्थानों ने भारतीय लोकतंत्र को खतरे में बताया है, भारतीय समाज को आंशिक रूप स्वतंत्र घोषित कर दिया है और प्रेस फ्रीडम इंडेक्स पर भारत लगातार नीचे गिरता गया है। लेकिन इसी दौर में जो एक और क्षेत्र सरकार के निशाने पर रहा है, वह थिंक टैंक और गैर सरकारी संस्थाओं का है। ऐसे जो संस्थान सरकार से असहमत रहे हैं, उसकी नीतियों का विरोध करते रहे हैं या जिन्होंने ऐसी रिपोर्टें तैयार की हैं, उन पर कई तरफ से सरकार का डंडा पड़ा है। उनके लिए विदेशी चंदा के रास्ते बंद या संकुचित कर दिए गए हैं और उन्हें इतने नियमों-विनियमों में फंसा दिया गया है कि सैकड़ों की संख्या में ऐसी संस्थाएं बंद हो चुकी हैं, अथवा उन्होंने अपनी गविधियों को बेहद सीमित कर दिया है। हाल के वर्षों में इस तरह के कदम कई संस्थानों के खिलाफ उठाए गए हैं।

इस वर्ष मार्च में एक अखबार में छपी एक रिपोर्ट में बताया गया था कि उसके पहले के सिर्फ सात महीनों में ही करीब 400 संस्थानों विदेशी चंदा लेने संबंधी अनुमति (केएफसीआरए) को रद्द या निलंबित कर दिया गया था। कई संस्थानों की ऐसी अनुमति के रिन्यूअल की अनुमति नहीं दी गई है या उनके लाइसेंस को समाप्त मान लिया गया है। इस क्रम में निशाने पर आया हालिया सबसे बड़ा नाम सेंटर फॉर पालिसी रिसर्च (सीपीआर) का है। सीपीआर का कहना है कि उसकी फंडिंग के रास्ते बंद कर दिए जाने के बाद 80 विशेष और कर्मचारी संस्थान को छोड़ कर जा चुके हैं। फरवरी में सीपीआर का विदेश से चंदा लेने का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया था। सीपीआर से बड़े नाम जुड़े रहे हैं, लेकिन यह बात उसके काम नहीं आई है। वैसे जब एमनेस्टी इंटरनेशनल और ऑक्सफेम जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को भारत में अपने दफ्तर बंद करने पड़े और उनके पक्ष में कोई आवाज नहीं उठी, तो अहसमति के मंच बनी भारतीय संस्थाएं किसी सहायता की उम्मीद शायद ही कर सकती हैं।

## शरद पवार को अब रिटायर होने की नसीहत!

एनसीपी के सुप्रीमो शरद पवार अनुभवी हैं, महाराष्ट्र जैसे राज्य के चार बार मुख्यमंत्री रहे हैं, केंद्र में मंत्री रहे हैं, हर पार्टी में उनके शुभचिंतक हैं, बहुत चतुर राजनेता हैं लेकिन उनकी असली ताकत क्या है? पवार की असली ताकत कॉरपोरेट के साथ संपर्क हैं। वे देश के संभवत: इकलौते बड़े राजनेता हैं, जो खुलेआम गौतम अडानी से मिलते हैं। नरेंद्र मोदी की भी अडानी के साथ हवाई सफर करते हुए तस्वीर थी, जिसे राहुल गांधी ने संसद में दिखाया था लेकिन वह पुरानी बात हो गई। पिछले छह महीने से कम समय में गौतम अडानी दो बार शरद पवार से उनके घर पर मिलने गए। यह पवार की ताकत है कि मुकेश अंबानी से लेकर रतन टाटा और गौतम अडानी तक उनके घर जाते हैं। देश के कॉरपोरेट की बड़ी इच्छा रही है कि शरद पवार देश के प्रधानमंत्री बनते। लेकिन अब लगता है कि उनका मोहभंग हो रहा है।

जिस समय शरद पवार विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की मुंबई में होने वाली बैठक के लिए प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे उसी समय देश के जाने-माने कॉरपोरेट लीडर डॉक्टर साइरस पूनावाला ने उनके अभियान को पंक्चर कर दिया। पूनावाला ने कहा कि पवार को अब रिटायर हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दो बार मौका था, जब पवार प्रधानमंत्री बन सकते थे और प्रधानमंत्री बनने पर वे देश के लिए अच्छा काम करते लेकिन अब उनकी उम्र हो गई है और सेहत साथ नहीं दे रही है इसलिए उनको संन्यास ले लेना चाहिए। वैक्सीन बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी सीरम इंस्टीच्यूट ऑफ इंडिया के संस्थापक 82 साल के डॉ. पूनावाला ने अपनी भी मिसाल दी और कहा कि मेरी तरह ही पवार भी उम्रदराज हो गए। बिल्कुल यही बात अजित पवार ने भाजपा के साथ जाने के बाद पवार के लिए कही थी। हालांकि तब पवार की पार्टी ने इसका बड़ा विरोध किया था। अब सवाल है कि क्या किसी योजना के तहत पवार को उम्र और सेहत का हवाला देकर रिटायर होने के लिए मजबूर किया जा रहा है? क्या इस खेल में नेता और कॉरपोरेट दोनों शामिल हैं? जो हो पवार कम से कम अगले लोकसभा चुनाव तक रिटायर नहीं होने जा रहे हैं। पर इतना जरूर है कि पूनावाला ने उनकी महत्वाकांक्षाओं के गुब्बारे में पिन चुभो दिया है।

> “सुबह से टेलीविजन पर इंडिया गठबंधन की बैठक की खबर छाई हुई थी। शाम ढलते-ढलते अचानक एक खबर उछली कि केंद्र सरकार ने 18 से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र आहूत किया है। दोपहर तक इसकी किसी को भनक भी नहीं थी, फिर अचानक यह फैसला क्यों? कयास उछलने लगे और इस समाचार ने इंडिया के महाजुटान की खबर के बराबर आकार ग्रहण कर लिया।

# 'इंडिया' जो करे, जल्दी करे



शशि शेखर

इंडिया का मुंबई महाजुटान साथ लड़ने और साथ जीतने की कसमों के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान एक 14 सदस्यीय समन्वय समिति का गठन किया गया, जिसमें सभी प्रमुख पार्टियों के नुमाइंदे शामिल हैं। समिति में शामिल लोगों की सूची से नीतीश कुमार, ममता बनर्जी और लालू यादव जैसे नेताओं के नाम नदारद हैं। सिर्फ शरद पवार और स्टालिन ऐसे हैं, जिन्हें अपनी पार्टियों का पुरोधा कहा जा सकता है।

पहले चर्चाएं पुरगरम थीं कि नीतीश कुमार इस समिति के संयोजक होंगे, पर इसका पटाक्षेप पिछले दिनों लालू यादव ने यह कहकर कर दिया था कि समिति के कई संयोजक हो सकते हैं। इसका क्या मतलब निकाला जाए? क्या भविष्य में समन्वय समिति को नया रंग-रूप दिया जाएगा या कुछ और कमेटियां अस्तित्व में आएंगी? इस बैठक से छनकर आती खबरें इसकी पुष्टि करती हैं कि सोशल मीडिया, प्रचार व अन्य जरूरी कार्यों के लिए कुछ और समितियां बनाई जाएंगी। आप चाहें, तो कह सकते हैं कि पटना से 23 जून को शुरू हुआ यह सफर पहली सितंबर तक इस मुकाम पर पहुंच सका है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी पार्टी की बेहद शक्तिशाली टीम से टकराने के लिए क्या यह गति पर्याप्त है?

ऐसा नहीं है कि इस गठबंधन में शामिल दिग्गज यह नहीं समझते कि चुनावी रण में समय से फैसला करना कितना जरूरी है, पर पुरानी गुत्थियों को सुलझाने में वक्त तो लगता ही है। अगर यह दौर कुछ और लंबा खिंचा, तो उनके समर्थकों के जोश पर पानी फिर सकता है।

मुंबई जुटान के बाद पत्रकारों से रूबरू राहुल गांधी ने कहा कि यहां जो लोग जुटे, वे देश की साठ फीसदी आबादी की नुमाइंदगी करते हैं। अन्य वक्ताओं ने भी इसी बात को अलग-अलग अंदाज में कहा, पर पुराना फॉर्मूला है कि चुनाव में सिर्फ अंकगणित काम नहीं आता। मतदाताओं से दलों और नेताओं के भावनात्मक अंतरिक्ष का मिलान भी उतना ही जरूरी होता है।

इस मिलान के लिए सबसे जरूरी है- सही समय पर सटीक संदेश। अब तक पटना से मुंबई तक बरास्ते बेंगलुरु जितने भी भाषण हुए हैं, आप उन पर नजर डाल देखिए, वे पुनरावृत्ति के सिवा कुछ भी नहीं हैं। हो सकता है, अंदरखाने इंडिया के घटक दल कुछ निष्कर्षों के आसपास हों, पर समय रहते यदि उन्होंने अपने मतदाताओं को बताया और जताया नहीं, तो चुनावी दौर में फिसलने की आशंकाएं बनी रहेंगी।

मैं पहले भी कह चुका हूं और आज फिर दोहरा रहा हूं कि इंडिया जो करे, जल्दी करे। उसका मुकाबला कितने सक्षम प्रतिद्वंद्वी से है, इसकी बानगी तो 31 अगस्त को ही मिल गई थी।

सुबह से टेलीविजन पर इंडिया गठबंधन की बैठक की खबर छाई हुई थी। शाम ढलते-ढलते अचानक एक खबर उछली कि केंद्र सरकार ने 18 से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र आहूत किया है। दोपहर तक इसकी किसी को भनक भी नहीं थी, फिर अचानक यह फैसला क्यों? कयास उछलने लगे और इस समाचार ने इंडिया के महाजुटान की खबर के बराबर आकार ग्रहण कर लिया। राजनीति आभासों और अवधारणाओं का खेल है। सत्ता पक्ष ने सोच-समझकर अपना दांव चला है।

सवाल उठता है, इस अचानक आहूत किए गए सत्र का मकसद क्या है?

जितने मुंह, उतने कयास। मसलन, क्या यह सारा ताम-झाम संसद के नए भवन में गणेश चतुर्थी के मौके पर कार्यवाही आरंभ कराने के लिए किया जा रहा है? दूसरे ने प्रश्न उठाया, अगर ऐसा है, तो फिर पांच दिन के सत्र की क्या आवश्यकता थी? किसी अन्य का मानना था कि आनन-फानन में महिला आरक्षण बिल लाकर विपक्ष के वार भोथरे किए जा सकते हैं। एक और अनुमान उभरा कि 'एक देश एक चुनाव' के पुराने आह्वान को मूर्त रूप देने के लिए ऐसा किया जा रहा है।

इस मत को मानने वाले कहते हैं कि अगले कुछ महीनों में पांच राज्यों के चुनाव हैं, इस दौरान अगर लोकसभा के चुनाव भी हो जाएं, तो शायद बीजेपी को लाभ हो सकता है। यह धारणा अगले दिन और प्रबल हो उठी, जब पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 'एक देश एक चुनाव' की संभावनाएं तलाशने के लिए समिति का गठन कर दिया गया। यह समिति सभी पक्षों से राय-मशविरे के साथ तमाम कानूनी पहलुओं पर भी विचार करेगी।

ममता बनर्जी, नीतीश कुमार और इंडिया के कई नेता समय-पूर्व चुनाव की आशंका पहले से जाहिर करते रहे हैं। उनका दावा है कि प्रधानमंत्री हमारे गठबंधन से घबराकर ऐसा कदम उठा रहे हैं। 'इंडिया टुडे-सी वोटर' के ताजा सर्वे में एनडीए को 43 फीसदी और इंडिया को 41 प्रतिशत मतों का हकदार आंका गया है। सर्वे यह भी बताता है कि 44 फीसदी ऐसे लोग हैं, जो भाजपा को सिर्फ इसलिए वोट देंगे, क्योंकि वे प्रधानमंत्री मोदी को तीसरी बार शपथ लेते देखना चाहते हैं, यानी भाजपा के पास अकेला पावर हाउस मोदी हैं। अपनी सार्वदेशिक अपील के बावजूद उन्हें ममता, नीतीश, लालू, उद्धव, पवार, स्टालिन जैसे क्षत्रपों से जूझना है। ये सूबाई महाशक्तियां हैं, जो भगवा दल के अश्वमेध की रास थाम सकती हैं।

यहां एक और सवाल सिर उठाता है। क्या भाजपा और उसके सहयोगी राम मंदिर के उद्घाटन से पहले चुनावी रण में उतरना चाहेंगे? कई समीक्षक इसे असंभव नहीं मानते। वजह? लगभग सभी सर्वे प्रधानमंत्री की लोकप्रियता 50 से 55 फीसदी के बीच में आंक रहे हैं। इसी तरह, तमाम अंतरराष्ट्रीय शोध एजेंसियों ने उन्हें संसार के सर्वाधिक लोकप्रिय नेताओं में शामिल किया है।

अब तक दिए गए आंकड़ों पर नजर डाल देखिए। हर शोध के कई मायने निकलते हैं। हर खेमा उन्हें अपने पक्ष में पाता है। यही वजह है कि मैं अंकगणित के साथ मतदाता से नेह-नाते को बराबर स्थान देता हूं।

भाजपा नेताओं का मानना है कि जी-20 का आगामी सम्मेलन प्रधानमंत्री की छवि को और निखारने जा रहा है। विकास दर के आंकड़े उनके पक्ष में मुनादी करते हैं। यही वजह है कि पिछले दिनों लाल किले के प्राचीर से खुद प्रधानमंत्री मोदी ने देश को दिलासा दिया था कि उनकी सत्ता की तीसरी अवधि में भारत संसार की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बन जाएगा। तय है कि वह नए भारत की नई उम्मीदों के सहारे अपनी नैया पार लगाना चाहते हैं। अगर संसद में बिल लाकर 'एक देश एक चुनाव' की अवधारणा को बल दिया जा सके, तो इसे भी विकास और फिजूलखर्ची रोकने के कदम के तौर पर प्रचारित किया जा सकता है। कुछ विपक्षी पार्टियां इस विचार का समर्थन करती आई हैं।

क्या इससे इंडिया खेमे में दरार पड़ सकेगी?

यदि ऐसा न भी हो, तब भी विपक्ष को नए तर्क गढ़ने के लिए बाध्य होना ही पड़ेगा। संसद के विशेष सत्र में क्या होगा, इसके लिए अभी पखवाड़ा भर इंतजार करना होगा, पर यह तय है कि राजनीति का खेल रोमांच के अगले दौर में पहुंच चुका है। आपका भी अनुमानों और विचित्र सियासी समीकरणों के इस संसार में स्वागत है।

# महंगाई अब स्थायी, बढ़ती रहेगी!

अजीत द्विवेदी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दावा किया है कि महंगाई जल्दी ही कम हो जाएगी। उनके कहने से पहले से कई आर्थिक जानकार यह दावा कर रहे थे कि महंगाई सीजनल है और जल्दी ही कम हो जाएगी। वित्त मंत्री के जल्दी महंगाई कम होने के बयान की एक दूसरी आर्थिक वजह भी थी। उन्होंने यह बात कहते हुए भारतीय रिजर्व बैंक पर परोक्ष व प्रत्यक्ष रूप से दबाव भी बनाया कि वह नीतिगत ब्याज दर यानी रेपो रेट में बढ़ोतरी नहीं करे। अभी पिछले कुछ दिन से मौद्रिक समीक्षा नीति की बैठकों में नीतिगत ब्याज दर को स्थिर रखा जा रहा है। लेकिन जुलाई के महीने में खुदरा महंगाई दर रिजर्व बैंक की तय सीमा से निर्णायक रूप से ऊपर जाने के बाद यह आशंका जताई जा रही है कि रेपो रेट में बढ़ोतरी हो सकती है। तभी वित्त मंत्री ने पहले ही अपना दांव चलते हुए कहा कि नीतिगत ब्याज दर में बढ़ोतरी से अर्थव्यवस्था के पटरी पर लौटने की प्रक्रिया प्रभावित होगी यानी विकास दर कम होगी।

सो, एक तरफ रिजर्व बैंक है, जिसे खुदरा महंगाई दर को छह फीसदी से नीचे रखने की अपनी जिम्मेदारी निभानी है तो दूसरी ओर वित्त मंत्री हैं, जिनको विकास दर की रफ्तार की चिंता करनी है। यह दोनों संस्थाओं के बीच सनातन खींचतान है। अब अंतर यह आ गया है कि महंगाई स्थायी हो गई है और इसके कई कारण हैं, जिनमें से एक कारण खाने-पीने की चीजों, खास तौर से सब्जियों की कीमतों में होने वाली बढ़ोतरी भी है। दुर्भाग्य से भारत में हमेशा खाद्यान्न की कीमतों को ही महंगाई के लिए जिम्मेदार ठहराया जाता है और हर व्यक्ति का बयान उसको ध्यान में रख कर ही दिया जाता है। खाने-पीने की चीजों और खास कर सब्जियों को महंगाई का जिम्मेदार ठहराना एक किस्म की साजिश भी है, जिसकी आड़ में बाकी चीजों की महंगाई छिप जाती है। अनाज और सब्जियों को जब महंगाई के नैरेटिव में विलेन बनाया जाता है तो उसका एक बड़ा फायदा यह होता है कि एक वर्ग स्वाभाविक रूप से किसानों के नाम पर इसके बचाव में आ जाता है, जिससे पूरी बहस की दिशा मुड़ जाती है। यह कहा जाने लगता है कि कीमत बढ़ने का फायदा किसान को हो रहा है और इस वजह से लोगों के पेट में दर्द में हो रहा है।

लेकिन असल में ऐसा नहीं होता है। अनाज और सब्जियों की कीमत में बढ़ोतरी का फायदा आम किसान को नहीं मिलता है। उसकी फसल तो पहले ही आढ़तिए खरीद चुके होते हैं। इनकी कीमतों में बढ़ोतरी भी बाजार का खेल है, जिसमें बड़े कारोबारी और थोड़े से बड़े किसान शामिल होते हैं। अगर सरकार विनिर्मित वस्तुओं की



तरह या खाने-पीने की डिब्बाबंद वस्तुओं की तरह खुले अनाज और सब्जियों की अधिकतम कीमत यानी एमआरपी निर्धारित कर दे तब किसान को फायदा संभव है। लेकिन ऐसा नहीं किया जाता है। इससे जाहिर है कि यह बहस किसान के हित की नहीं होती है। इससे दूसरे लोगों का हित पूरा किया जाता है।

तभी खाने-पीने की वस्तुओं यानी अनाज और सब्जियों की कीमतों में कमी आने के बावजूद महंगाई कम नहीं होने वाली है। हो सकता है कि आंकड़ों में अगले दो महीने में यह बताया जाए कि खुदरा महंगई कम होकर रिजर्व बैंक की छह फीसदी की सीमा के दायरे में आ गई है लेकिन उससे आम लोगों को ज्यादा राहत नहीं मिलने वाली है। इसका कारण यह है कि खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतें भी खुले बाजार में बहुत कम नहीं होने वाली हैं। उनकी एक न्यूनतम कीमत तय हो चुकी है। टमाटर की कीमत ढाई सौ रुपए किलो पहुंच गई, जिसमें कमी आ रही है लेकिन कम होकर इसकी खुदरा कीमत इसके दस फीसदी के बराबर यानी 25 रुपए किलो पर नहीं आने वाली है। इसी तरह धीरे धीरे ही सही लेकिन बढ़ते बढ़ते दालों, मसालों, तेल, चावल, आटा आदि की कीमत जहां तक पहुंच गई वहां से नीचे नहीं आने वाली है। इसलिए महंगाई आंकड़ों में जैसी दिखे, वह आम लोगों को चुभने वाली रहेगी। इसका कारण यह भी है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक यानी सीपीआई में 45.9 फीसदी हिस्सा खाने-पीने की चीजों की कीमत का होता है। इसी के आधार पर खुदरा महंगाई का आकलन होता है। इसके अलावा ईंधन का हिस्सा 6.8 फीसदी और कोर सेक्टर का हिस्सा 47.3 फीसदी होता है।

जुलाई में खुदरा महंगाई रिजर्व बैंक की ओर से तय छह फीसदी की सीमा पार कर 7.4 फीसदी पहुंच गई तो उसके पीछे कारण यह रहा कि खाने-पीने की वस्तुओं की महंगाई दर 11.5 फीसदी पहुंच गई, जो जून में 6.5 फीसदी थी। यानी इसमें पांच फीसदी की बढ़ोतरी हुई तो खुदरा महंगाई आसमान पर पहुंच गई। जुलाई के महीने में ईंधन की महंगाई दर 3.6 और कोर सेक्टर की महंगाई दर 4.9 फीसदी रही। खाने-पीने की चीजों में भी सब्जियों की महंगाई जून में 0.9 फीसदी थी, जो जुलाई में 37 फीसदी हो गई। खुदरा महंगाई पर इसका सबसे ज्यादा असर रहा। इसमें और बारीक आंकड़ों में जाएंगे तो हो सकता है कि यह पता चले कि टमाटर और एक-दो दूसरी सब्जियों की कीमतों की वजह से ऐसा हुआ। ऐसे में सवाल है कि पूरे साल अगर किसी न किसी सब्जी या अनाज की कीमत ऊंची रही तो खुदरा महंगाई दर कैसे कम होगी?

मिसाल के तौर पर टमाटर के बाद प्याज की कीमतें बढ़ने की आशंका है, जिसे देखते हुए केंद्र सरकार ने इसके निर्यात को सीमित किया और निर्यात पर 40 फीसदी शुल्क लगा दिया। बाद में सरकार ने 24 रुपए किलो की दर से दो लाख टन अतिरिक्त प्याज खरीदने का फैसला किया। प्याज के बाद हो सकता है कि किसी और कृषि उत्पाद की कीमत में बढ़ोतरी हो जाए। ऐसा इसलिए हो सकता है कि मानसून इस बार बहुत खराब रहा है और अगस्त का महीना सूखा गया है, जिससे खरीफ की फसल पर बड़ी मार पड़ी है। धान की खेती वाले इलाकों में पैदावार कम होगी, जिससे चावल की कीमत बढ़ सकती है। खरीफ का सीजन शुरू होने के साथ ही इसकी आशंका शुरू हो गई थी, जिसके बाद गैर बासमती चावल के निर्यात पर रोक लगा दी गई थी। पिछले साल इसी तरह गेहूं के निर्यात पर पाबंदी लगाई गई थी।

# विपक्ष के लिए मौका है विशेष सत्र

हरिशंकर व्यास

पता नहीं केंद्र सरकार और सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने संसद का विशेष सत्र बुलाने का फैसला करने से पहले इस पर विचार किया या नहीं कि विपक्ष भी इसे मौके में तब्दील कर सकता है। संसद के विशेष सत्र से विपक्ष को सरकार पर हमला करने का मौका और मंच मिलेगा। अगर किसी भी मुद्दे पर चर्चा होती है तो सरकार विपक्षी पार्टियों के सांसदों को बोलने से नहीं रोक सकती है। अगर बोलने से रोकती है तो विपक्ष को दबाने और लोकतंत्र कमजोर करने का नैरेटिव बनाने में विपक्ष को मदद मिलेगी। ध्यान रहे मानसून सत्र में अविश्वास प्रस्ताव पर या उससे पहले बजट सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी के भाषण की काफी तारीफ हुई थी और सोशल मीडिया के अलग अलग प्लेटफॉर्म पर बड़ी संख्या में लोगों ने उसे देखा था। दोनों सदनों में विपक्ष के दूसरे नेताओं के भाषण भी चर्चा में रहते हैं।

परिस्थितियों के कारण विपक्ष के पास इस समय कई ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर सरकार घिरेगी। संसद सत्र में विपक्षी पार्टियां इन मुद्दों का जम कर इस्तेमाल कर सकती हैं। एक मुद्दा अडानी समूह का है। विपक्ष इस साल जनवरी में संसद के बजट सत्र के समय से इस मुद्दे को उठा रहा है। जब हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आई थी तभी विपक्षी पार्टियों ने इसकी जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति गठित करने की मांग की थी। अब राहुल गांधी ने प्रेस कांफ्रेंस करके फिर से कहा है कि सरकार अडानी समूह की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति यानी जेपीसी का गठन करे। विशेष सत्र में विपक्ष जेपीसी की मांग लेकर हंगामा करेगा। अगर संसद में यह मुद्दा उठाने की इजाजत नहीं दी गई तो संसद भवन के परिसर में इस मुद्दे पर प्रदर्शन होगा।

पिछली बार सरकार यह कहते हुए जेपीसी का गठन टाल रही थी कि सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हो रही है। सुप्रीम कोर्ट ने इसकी जांच के लिए विशेषज्ञों की एक कमेटी बना दी थी। साथ ही बाजार नियामक सेबी को भी जांच करने के लिए कहा था। अब विशेषज्ञों की कमेटी की रिपोर्ट भी आ गई है और पांच महीने के जांच के बाद सेबी ने भी अपनी रिपोर्ट दे दी है। इसके बाद अडानी समूह को लेकर नई रिपोर्ट आई है। इसमें कृत्रिम तरीके से शेयरों के दाम बढ़ाने के साथ-साथ कई एजेंसियों की मिलीभगत की ओर भी इशारा किया गया है। राहुल गांधी ने भी अपनी प्रेस कांफ्रेंस में सवाल उठाया कि सेबी के जिस अधिकारी ने अडानी समूह की जांच की वे बाद में कैसे अडानी समूह की मीडिया कंपनी में निदेशक बन गए? सो, ऐसा लग रहा है कि विशेष सत्र बुला कर सरकार ने विपक्ष को यह मुद्दा उठाने का मौका दे दिया है।

चीन का मुद्दा सरकार को बहुत भारी पड़ सकता है। संसद का विशेष सत्र बुलाए जाने से ठीक पहले चीन ने अपना आधिकारिक नक्शा जारी किया, जिसमें उसने अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चिन को अपना हिस्सा बताया। भारत की ओर से कूटनीतिक प्रतिरोध दर्ज कराने के बाद चीन के विदेश मंत्री के प्रवक्ता ने बयान दिया तो कहा कि भारत इस पर ओवररिएक्ट कर रहा है, अरुणाचल और अक्साई चिन कानूनी रूप से चीन का हिस्सा हैं। सोचें, यह विश्वगुरू भारत की हकीकत है! इसके बाद यह भी खबर आई कि चीन अक्साई चिन में सुरंग बना रहा है। राहुल गांधी ने चीन के मुद्दे पर सरकार को घेरा और कहा कि चीन भारत की जमीन हड़प रहा है लेकिन सरकार चुपचाप बैठी है। सो, चीन का मुद्दा भी विपक्षी पार्टियां संसद में जोर-शोर से उठाएंगी।

इसी तरह महंगाई का मुद्दा है। संसद का मानसून सत्र खत्म होने के बाद जुलाई महीने की खुदरा महंगाई का डाटा आया, जिसमें बताया गया कि महंगाई दर 7.7 फीसदी से ज्यादा हो गई है। यह रिर्जव बैंक की ओर से तय की गई छह फीसदी की अधिकतम सीमा से काफी ज्यादा है। खराब मानसून और अल नीनो की वजह से खरीफ की फसल प्रभावित हुई है। इसका असर आने वाले दिनों में दिखेगा। तभी सरकार महंगाई काबू में करने और अनाज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए चावल के निर्यात पर पाबंदी लगा रही है। प्याज के निर्यात को भी सीमित किया गया है। सो, खाद्यान्न को लेकर सरकार की नीतियां और महंगाई का मुद्दा भी विपक्ष उठाएगा, जिस पर सरकार के लिए जवाब देना मुश्किल होगा।

इसके अलावा मणिपुर का मुद्दा है। जिस दिन केंद्र सरकार ने विशेष सत्र बुलाने का ऐलान किया उसी दिन राज्य में कई जगह गोलीबारी की खबर आई और एक लोकप्रिय लोक गायक सहित पांच लोग मारे गए। सरकार शांति बहाली का दावा कर रही थी लेकिन गुरुवार की घटना ने सरकार की पोल खोल दी। जैसे तैसे राज्य सरकार ने विधानसभा का एक दिन का विशेष सत्र बुलाया था लेकिन वह सत्र भी नहीं चल सका। कुकी-जोमी समुदाय के विधायकों ने इसका बहिष्कार किया। सरकार ने हंगामे की वजह से बिना सदन में पेश किए एक प्रस्ताव स्वीकार करने का ऐलान कर दिया, जिसमें बातचीत और संवैधानिक तरीके से विवाद सुलझाने की बात कही गई है। लेकिन हकीकत यह है कि राज्य में कोई सुलह समझौता होता नहीं दिख रहा है और मणिपुर से सटे मिजोरम में विधानसभा का चुनाव होना है।


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़


इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### स्वच्छता पखवाड़ा में स्वच्छता व जागरूकता के लिए शपथ

**सूरजपुर।** जिले में 15 दिवसीय स्वच्छता पखवाड़ा एवं 8 दिवसीय साक्षरता सप्ताह प्रारंभ हो गया है। शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा और साक्षरता अभियान एवं कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी पंडित भारद्वाज, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक हजारीलाल चक्रधारी, साक्षर भारत रविनाथ तिवारी के मार्गदर्शन में शासकीय माध्यमिक विद्यालय पतरापाली में स्वच्छता पखवाड़ा को लेकर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में पहले दिन विद्यालय के शिक्षकों एवं बच्चों को स्वच्छता की शपथ दिलाकर कराई गई। कार्यक्रम के दूसरे दिन आज बच्चों से को जन जागरूकता अभियान में विद्यालय के आसपास की साफ सफाई, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही साक्षरता सप्ताह में नवभारत साक्षरता उल्लास कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा ग्रामीणों को साक्षरता एवं स्वच्छता के लिए जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। प्रधान पाठक बीआर हितकर ने कहा कि बच्चे स्वच्छ रहेंगे तभी वे स्वस्थ रहेंगे। शिक्षक योगेश साहू द्वारा बताया गया कि विद्यालय में 01 से 15 सितंबर तक स्वच्छता पखवाड़ा एवं 01 से 08 सितम्बर 2023 तक साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया जाना है। जिसमे प्रतिदिन अलग अलग गतिविधि करायी जाएगी। एवं अंतिम दिवस छात्रों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरण किया जाएगा। श्री साहू ने कहा कि अपने घरों, मुहल्ले, स्कूल, गांव को स्वच्छ बनाना है। सभी बच्चों को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया गया। हर बच्चे के साथ साथ ग्रामीणों में भी स्वच्छता के प्रति जागरूकता आए यह हम सभी को प्रयास करना है। कार्यक्रम में इको क्लब के स्वास्थ्य मंत्री एवं शिक्षा मंत्री के साथ साथ प्रधानमंत्री का बड़ा योगदान रहा।

### रायगढ़ की नांदगांव पर एकतरफा जीत

**रायगढ़।** बीसीसीआई द्वारा निर्देशित सीनियर टी-20 टूर्नामेंट का आयोजन राजधानी में छत्तीसगढ़ स्टेट संघ द्वारा वीर नारायण सिंह स्टेडियम में आयोजित हो रहा है। जिसमें पहले मैच में रायगढ़ ने नांदगांव की टीम को 8 विकेट से हराकर एकतरफा जीत दर्ज की। जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि टूर्नामेंट का पहला मैच रायगढ़ व राजनांदगांव के मध्य खेला गया इसमें टॉस जीतकर रायगढ़ ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया कप्तान सचिन चौहान का यह निर्णय सही साबित हुआ। शानदार गेंदबाजी करते हुए सचिन चौहान व रवि सिंह ने 3-3 विकेट लिए जबकि अभिजीत सिंह ने 2 व राहुल सिदार ने एक विकेट लिया। नांदगांव को मात्र 82 रनों पर ऑल आउट कर दिया। जिसके जवाब में रायगढ़ ने खेलते हुए मात्र 2 विकेट खोकर 84 रन बनाकर जीत दर्ज की। इसमें अमित कुंवर शानदार 26 रन नाबाद एवं सचिन चौहान ने कप्तानी पारी खेलते हुए नाबाद 19 रन बनाए। इस तरह सचिन ने 3 विकेट लेकर नाबाद 19 रन बनाकर मैन ऑफद मैच बने। रायगढ़ जिले का अगला मैच नारायणपुर से 3 सितंबर रविवार को खेला जाएगा। रायगढ़ जिले की इस जीत पर अध्यक्ष संतोष पाण्डेय सचिव रामचन्द्र शर्मा, किशोर पटनायक, पंकज बोहिदार, संतोष मिश्रा, महेश्वर मिश्रा, जफर उल्लाह सिद्धीकी, वरिष्ठ अम्पायर विशाल सिंघानिया, महेश वर्मा, कोषाध्यक्ष आशीष शर्मा, महेन्द्र साव, राजा गोरख, अभिषेक गुप्ता, शानू भयानी, महेश दधिची, चंद्रेश यादव, आदित्य शर्मा, हिमांशु चावड़ा आदि ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए आने वाले मैचों हेतु शुभकामनाएं दी है।

### राजीव युवा मितान सम्मेलन

# सांसद राहुल गांधी और मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त 2000 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। लोकसभा सांसद राहुल गांधी और मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज नवा रायपुर के मेला ग्राउंड में आयोजित 'राजीव युवा मितान सम्मेलन' में प्रदेश में नवनियुक्त 2000 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। सम्मेलन के मंच से प्रतीक स्वरूप इनमें से 20 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव, स्कूल शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे सहित मंत्रिमण्डल के सदस्य, संसदीय सचिव, विधायक, निगम मण्डल के अध्यक्ष तथा अनेक जनप्रतिनिधि इस अवसर पर उपस्थित थे।

गौरतलब है कि राज्य गठन के बाद प्रदेश में पहली बार शिक्षकों की सीधी भर्ती की गई। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मार्च 2019 में व्याख्याता, शिक्षक एवं सहायक शिक्षक के 14,580 पदों पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। विज्ञापित पदों के विरुद्ध कुल 10,834 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया जा चुका है। वर्तमान में मई 2023 में 12,489 व्याख्याता, शिक्षक एवं सहायक शिक्षक के पदों में सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया। मुख्यमंत्री श्री बघेल द्वारा 12 अगस्त, 2023 को इस भर्ती में व्याख्याता पद पर चयनित 232 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया है। शिक्षक के विज्ञापित 5772 पदों में से 3449 पदों के लिए अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र जारी किया जा रहा है। इनमें से 2000 अभ्यर्थियों को आज राजीव युवा मितान सम्मेलन में नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। सहायक शिक्षक के 6285 पदों के लिये अभ्यर्थियों की ऑनलाईन काउंसिलिंग प्रक्रियाधीन है, शीघ्र ही इन्हें नियुक्ति आदेश जारी किया जायेगा।

आज जिन 20 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए है उनमें राजेश पटेल, नेहा भोई और प्रमिला, जिला कोरिया, सुश्री वर्षा देवांगन, शशांक साहू, आभा रंजन, सुश्री मंजू सिदार, जिला बस्तर, सुश्री सुमन, कविता निर्मलकर और प्रिया, जिला कोण्डागांव, सोनू जायसवाल, आदित्य वर्मा, जिला सरगुजा, श्री चंद्रकांत गजेन्द्र, दीपक कुमार वर्मा, जिला मनेन्द्रगढ़-भरतपुर-चिरमिरी, यश कुमार साहू, गीतिका कुटारे, जिला कांकेर, कुंती साहू, जिला दंतेवाड़ा, कामेश, जिला जशपुर,राहुल सिंह और सुश्री रोशनी सिंह, जिला सूरजपुर शामिल हैं।

## दुरुस्त इलाके में हुआ घर-घर जाकर सर्वेक्षण कर स्वास्थ्य एवं उपचार निदान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सूरजपुर।** जिले के संवेदनशील कलेक्टर संजय अग्रवाल के कुशल निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवँ स्वास्थ्य अधिकारी आदरणीय डॉ. आर.एस.सिंह के मार्गदर्शन तथा डॉक्टर बंटी बैरागी बीएमओ के नेतृत्व में ग्राम लुल में स्वास्थ्य शिविर सह उपचार निदान शिविर आयोजित किया गया।

जिसमें संक्रामक रोगों के प्रकोपों के संदेहास्पद हितग्राहियों को पैथोलॉजी के माध्यम से जांच किये गए, साथ ही आवश्यक दवाइयां जैसे क्लोरीन टैबलेट, ब्लीचिंग पाउडर, ओआरएस पैकेट, एन्टी, बायोटिक्स, एन्टी एमटिक्स, एन्टी मलेरिया एवं आई.व्ही. फ्लूड्स के साथ साथ शुगर, बीपी, नेत्र रोग उपचार, टीबी, मलेरिया, कुष्ठ रोग इत्यादि बीमारियों का उपचार एवं निदान कर आवश्यक दवाइयां वितरण किया गया। शुद्ध पेय जल हेतु ग्राम के सभी 06 कुआँ एवं 05 ढोढ़ी में जल जनित संक्रामक रोगों के बचाव हेतु ब्लीचिंग पाऊडर घर-घर जाकर शुद्धिकरण किया गया, उपचार व्यवस्था हेतु उपस्थित ग्रामीण जनों को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिहारपुर एवं भ्ँब् महुली में किसी तरह से बीमारी होने पर लाने एवं भेजने हेतु जानकारी दी गई, साथ ही स्वास्थ्य के बारे में जनजागरूकता कर आवश्यक जानकारी दी गई।

सभी को गर्म पानी पीने की सलाह के साथ सोने के समय मच्छरदानी का उपयोग करने हेतु सलाह दी गई, दस्त होने पर ऑस्मोलर, ओआरएस एवं 14 दिनों तक डीसबसिबल गोली खाने हेतु सलाह दी गई साथ ही किसी की तबियत खराब होने पर झाड़पुख ,बैगा, गुनिया ओझामती का सहारा न ले तत्काल अस्पताल में ले जाने हेतु समझाईस दी गई साथ ही साँप, बिछु, कुत्ता काटने पर किसी प्रकार की झाड़पुख का सहारा ले लेवें तत्काल अस्पताल लेकर जाने की सलाह दी गई।

## कलेक्टर ने इमली पेड़ के नीचे चौपाल लगाकर ग्रामीणों को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में आगामी विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिले में विभिन्न प्रकार के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही विशेष पिछड़ी जनजाति के सदस्यों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए भी लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है।



इसके अलावा मतदाताओं का नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए मतदाता पुनरीक्षण अभियान भी चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज कलेक्टर श्री छिकारा की उपस्थिति में विकासखंड गरियाबंद के विशेष पिछड़ी जनजाति बाहुल्य ग्राम आमझर में इमली पेड़ के नीचे चौपाल लगाकर शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में आमझर के विशेष पिछड़ी जनजाति के सदस्यों एवं ग्रामीणों ने भाग लेकर शत प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया। साथ ही ग्रामीणों को आने वाले सभी निर्वाचन में शत-प्रतिशत भाग लेने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। इस दौरान कमार जनजाति के सदस्यों और ग्रामीणों ने मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया।

कलेक्टर आकाश छिकारा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का द्वितीय संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत दावा आपत्ति प्राप्त करने की तिथि 31 अगस्त 2023 से बढ़ाकर अब 11 सितम्बर 2023 कर दिया गया है। इस अवधि तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, विलोपित करवाने एवं संशोधन से संबंधित आवेदन प्राप्त किये जायेंगे।

कलेक्टर श्री छिकारा ने विशेष पिछड़ी जनजाति के सदस्यों और ग्रामीणों को छत्तीसगढ़ी में आगामी निर्वाचन में 18 वर्ष के आयु के लोगों को मतदाता सूची में नाम जोड़वाने, अपने मताधिकार का उपयोग करने और लोकतंत्र में अपना योगदान देने तथा भारत के लोकतंत्र को मजबूत करने में अपने महत्वपूर्ण योगदान दिलाने की शपथ दिलाई। तथा लोगों को निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति एवं समुदाय से प्रभावित हुए बिना निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।

## अधिकारी निर्वाचन संबधी कार्य को गंभीरता पूर्वक करें - कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

राजनांदगांव । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डोमन सिंह ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विधानसभाओं के रिटनिंग ऑफिसर एवं सहायक रिटनिंग ऑफिसर के प्रशिक्षण कार्यक्रम में कहा कि विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है और यह कार्य आगामी 11 सितम्बर 2023 तक चलेगा।

इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य सहित मतदान केन्द्रों की स्थिति मतदाताओं के नाम जोडने, विलोपित करने, अतिविशिष्ट लोगों के नाम जोडने सहित अन्य तैयारियां सुनिश्चित कर ले और इस कार्य को पूरी गंभीरता से करें। उन्होंने कहा कि विधानसभा निर्वाचन के लिए दिए जा रहे प्रशिक्षण को गंभीरता से ले और अपने-अपने क्षेत्र में निर्धारित समयानुसार मास्टर ट्रेनर्स से प्रशिक्षण कराना भी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अमित कुमार, अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा, सभी अनुविभागीय अधिकारीगण (राजस्व), डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सरस्वती बंजारे, डिप्टी कलेक्टरअमिय श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती शिल्पा देवांगन सहित अन्य राजस्व अधिकारी उपस्थित थे।

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स द्वारा नाम निर्देशन, अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत किए गए नाम निर्देश प्रपत्र, प्ररूप, प्रस्तावकों, निर्धारित समय, सरल क्रमांक, नाम निर्देशन का समय एवं तिथि, नाम निर्देशन के फर्मों की संख्या, नाम निर्देशन पत्रों की प्रारंभिक जांच, तकनीकी का प्रशिक्षण दिया गया।

साथ ही पावर पाईट प्रजेटेंशन के माध्यम से नाम निर्देशन, प्रपत्रों के दस्तावेजों की सूची, चेक लिस्ट, बैंक खाता खोलना, अभ्यर्थी के हस्ताक्षर, नाम निर्देशन पपत्रों की संवीक्षा, प्रतिक चिन्ह आबंटन, शासकीय देयताओं के बारे में सूचना प्रकाशन, अमानत राशि सहित व्यय प्रतिवेदन इत्यादि का प्रशिक्षण दिया गया। ईटीपीबीएस व पोस्टल बैलेट द्वारा मतदान एवं पोस्टल बैलेट की मतगणना की प्रक्रिया और प्रावधानों को विस्तार से बताया गया।

इसके अलावा वेब अप्लीकेशन, मोबाईल एप, ईआरओ नेट, सर्विस पोर्टल, ईएनकोर, सीविजिल, वोटर पोर्टल, वोटर हेल्प लाईन, सक्षम हेल्पलाईन, ईटीपीएस की इत्यादि की भी जानकारी दी गई। इस दौरान मतगणना के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी गई। मतगणना के लिए आवश्यक तैयारियां के संबंध में आधारभूत संरचना, मतगणनाकर्मी का प्रशिक्षण, गणना अभिकर्ता, डाक मतपत्र की गणना, निर्वाचन परिणाम की घोषणा, सामग्री प्रबंधन, वीडियोग्राफी इत्यादि प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत नये वोटरों को किया जा रहा जागरूक

श्रीकंचपनथ न्यूज

**सूरजपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में स्वीप कार्यक्रम के तहत अधिक से अधिक लोगों को मताधिकार का उपयोग करने के उद्देश्य से विगत दिवस जिले के 10 शालाओं क्रमशः शा.उ.मा.वि. सोनपुर, कृष्णपुर, देवनगर, अगस्तपुर, सिलौटा, लोलकी, बंजा, शिवप्रसादनगर, बड़सरा, गंगोटी में में बच्चों को चुनाव में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने एवं चुनाव में बढ़ छड़कर हिस्सा लेने के संबंध में जागरूक किया गया।




साथ ही सभी मतदाताओं को देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखने तथा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुणय रखते हुए निर्भिक होकर धर्म, जाति, वर्ग, समुदाय, भाषा एवं अन्य किसी भी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के संबंध में जागरूक किया गया तथा मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम के तहत शपथ भी लिया गया।

जिसमें अधिक से अधिक मतदान करने के संबंध में शपथ लिया गया। वयस्क बालकों को जागरूक मतदाता की तरह अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु बीएलओ के माध्यम से वोटर लिस्ट में अपना नाम दर्ज कराने हेतु प्रेरित किया गया तथा विद्यालय के बालकों को मताधिकार करने के संबंध में शपथ दिलाई गई।


ॐ साई राम
माँ पुस्तक भंडार

होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65


Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...




### आरडीए ने सरचार्ज में छूट की अवधि 15 दिन बढ़ाई

**रायपुर (ए)।** रायपुर विकास प्राधिकरण ने आवंटितियों की मांग पर बकाया राशि में सरचार्ज की छूट को 15 दिनों के लिए बढ़ा दिया है। पहले सरचार्ज मे छूट 31 अगस्त तक थी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी धर्मेश साहू ने आवंटितियों की सुविधा एवं सहूलियत के लिए उनकी मांग पर छूट का लाभ लेने के लिए 15 सितंबर तक का समय बढ़ा दिया है। प्राधिकरण प्रशासन ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आवंटतियों को बकाया राशि के एक मुश्त भुगतान करने पर आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियों में सरचार्ज राशि में क्रमशः 50 व 30 प्रतिशत की छूट की घोषणा की थी। अब आवंटिति 15 सितंबर तक कौशल्या माता विहार और इन्दप्रस्थ रायपुरा के प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित फ्लैट्स सहित पुरानी योजनाओं में अपनी बकाया राशि में एक मुश्त भुगतान पर सरजार्ज राशि में छूट का लाभ ले सकेगें।

### भाजपा का आरोप पत्र छत्तीसगढ़ को बदनाम करने की साजिशः कांग्रेस

**रायपुर (ए)।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने भाजपा के द्वारा लगाये गये आरोप को सिरे से खारिज करते हुये कहा कि भाजपा के पास मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के चेहरा के आगे कोई चेहरा नहीं है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के आगे कोई मुद्दा नहीं है। भूपेश सरकार में प्रदेश के हर वर्ग खुशहाल हुआ है। भाजपा राजनैतिक हताशा में जो आरोप लगा रहे है उसका कोई प्रमाण नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा के आरोप पत्र से ही भूपेश बघेल की सफलता साफ नजर आ रही है जिस छत्तीसगढ़ की संस्कृति भाषा और तीज त्योहार को भाजपा ने 15 साल तक दबाकर रखा था। अपने आरोप पत्र में भाजपा छत्तीसगढ़ी भाषा का उपयोग करने को मजबूर हुई है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति का यही सम्मान तो भूपेश बघेल चाहते है। जिन अमित शाह के ऊपर 1.45 लाख आरोप देश भर से केन्द्र सरकार पास पहुंचे है वे किस नैतिकता से कांग्रेस की लोकप्रिय सरकार के खिलाफ आरोप पत्र जारी कर रहे है? भाजपा का आरोप पत्र में जो कार्टून बनाया है उसी से साबित हो रहा है कि इसी झूठे आरोप पत्र को बनाने के लिये भाजपा छत्तीसगढ़ में ईडी को गली मुहल्लों में घुमवा रही है। ईडी आईटी को लगाकर प्रदेश के 200 से अधिक झूठी कार्यवाहियां करवाने के बावजूद भाजपा कांग्रेस सरकार के खिलाफ एक भी प्रमाणिक आरोप लगाने की स्थिति में नहीं है ईडी के माध्यम से पटकथा जरूर तैयार कराया लेकिन वह भी सतही और काल्पनिक साबित हुई है।

### अगर पुराने पाप धोये जा सकते हैं तो भोगने की आवश्यकता क्यों : प्रवीण ऋषि

**रायपुर (ए)।** कर्म को लेकर हम हमेशा से सुनते आ रहे है कि अच्छा करोगे तो अच्छा पाओगे। इसमें 'अच्छा' शब्द का कोई चेहरा नहीं है। इसको चेहरा देने का काम कर्म करता है। कर्म का एक प्रदेश बंद (पार्टिकल) आपने अलग कर दिया तो उसके चरित्र को बदला जा सकता है। पार्टिकल को बदल कर चरित्र को बदला जा सकता है। इसे कहते हैं स्थित बंद। वेदना का समय कम कर कर के व्यक्ति को धार्मिक बनाया जा सकता है, वहीं इसका समय बढ़ा कर के शैतान। यह समय का खेल है। कर्म का तत्व कैसे अलग किया जा सकता है, इसकी प्रक्रिया आगम में बताई गई है। कर्म का एक प्रदेश बंद अगर अलग कर दिया तो रिश्ते और भाग्य बदल जाते हैं। उपाध्याय प्रवर ने ये बातें लालगंगा पटवा भवन में अर्हम सीक्रेट्स ऑफ कर्मा के ट्रेनर्स और धर्मसभा में उपस्थित श्रद्धालुओं से कहीं। उक्ताशय की जानकारी रायपुर श्रमण संघ के अध्यक्ष ललित पटवा ने दी।

# जो वायदे किये, वो पूरे किये, छत्तीसगढ़ की सरकार ने किया बहुत अच्छा कामः राहुल गांधी

**सांसद राहुल गांधी ने राजीव युवा मितान सम्मेलन के अवसर पर युवाओं को किया संबोधित**

### कौशल विकास से बढ़े रोजगार, छत्तीसगढ़ में हो रहा बढ़िया काम

### राजीव युवा मितान सम्मेलन में दो लाख से अधिक युवाओं ने हिस्सा लिया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** हमने छत्तीसगढ़ में आम जनता से जो वायदे किये थे वो पूरे किये। किसानों का कर्ज माफकिया। बिजली बिल हाफकर दिया, छत्तीसगढ़ में किसानों को धान के लिए सही दाम दिया। आज आप सभी प्रदेशों को देख लीजिए, लिस्ट निकालिये, धान के लिए सबसे ज्यादा पैसा कहां मिलता है। जवाब मिलेगा छत्तीसगढ़। जहां भी हम जाते हैं वायदा निभाते हैं। यह बात सांसद राहुल गांधी ने नवा रायपुर में आयोजित राजीव युवा मितान सम्मेलन के मौके पर कही।



इस मौके पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में शासकीय नियुक्तियों में स्टाइपेंड व्यवस्था समाप्त करने की घोषणा की। कार्यक्रम में राहुल गांधी ने शानदार कार्य कर रहे सभी संभागों के राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों का सम्मान भी किया। इस मौके पर नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये। साथ ही जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित वायदे से ज्यादा काफी टेबल बुक का विमोचन भी किया।

राहुल गांधी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश के विकास के लिए युवाओं की बड़ी जिम्मेदारी है। इसलिए ही हमने राजीव युवा मितान क्लब बनाये हैं। हर क्लब को एक लाख रुपए मिल रहे हैं। तीन लाख युवाओं को हमने क्लब में जोड़ा है। हमने पेसा कानून के माध्यम से आदिवासियों को उनके हक दिलाए। आदिवासी का मतलब इस देश की धरती के सबसे पहले आप मालिक हैं। मतलब जमीन पर जंगल पर जल पर आपका हक पहला बनता है।

राहुल गांधी ने कहा कि हिंदुस्तान के डीएनए में प्यार है मोहब्बत है। हम सबसे पहले हिंदुस्तानी हैं। हम सबको एक दूसरे के साथ जुड़कर मोहब्बत के साथ इज्जत के साथ रहना है। यह सबसे पुराना मैसेज है जिसे हमने भारत जोड़ो यात्रा में दिया। नफरत से और हिंसा से देश आगे नहीं जा सकता। हिंसा से देश की अर्थव्यवस्था नहीं बढ़ती। जब सबको एक साथ लाया जाता है तो देश जुड़ता है। छत्तीसगढ़ का भविष्य आपका है। आपको छत्तीसगढ़ का भविष्य संवारना है।

### जब भी हमें अवसर मिला लोगों को ताकत देने का काम किया- मुख्यमंत्री

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने संबोधन में कहा कि पांच साल पहले जब राहुल गांधी आये थे तो उन्होंने कहा था कि ऐसी योजनाएं बनाएं जिससे आम आदमी को लाभ हो, आदिवासियों को लाभ हो, किसानों को लाभ हो। हमने ऐसी योजनाएं बनाई जिससे लोगों को लाभ हुआ। किसानों को लाभ मिला। छत्तीसगढ़ में हम प्रतियोगी परीक्षाओं की फीस नहीं लेते। पूरे छत्तीसगढ़ की जनता का भरोसा हमारे साथ है। युवा राष्ट्र की संपत्ति है और इस ऊर्जा का सही उपयोग हमें करना है। हम युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दे रहे हैं। हम लोगों को अधिकार संपन्न बनाते हैं। प्रधानमंत्री नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह तक जब तक हमें अवसर मिला, लोगों को ताकत देने का काम किया है। पहली बार युवाओं का ऐसा मेला छत्तीसगढ़ में दिखाई दे रहा है। राजीव युवा मितान क्लब को हर साल एक लाख रुपए दिया जा रहा है ताकि हमारे युवा साथी अपने गांव की संस्कृति, खेलकूद और शासन की जानकारी भी वंचित वर्गों तक पहुंच पाए। ये दिन रात मेहनत करते हैं इन सब तक ये शासन की योजनाओं की जानकारी देते हैं। आने वाले पांच सालों में हमने दस से बारह लाख रोजगार के सृजन का लक्ष्य रखा है।




### छत्तीसगढ़ की सरकार ने बहुत अच्छा कामः किया राहुल गांधी

दो लाख से अधिक युवाओं की अभूतपूर्व उपस्थिति में हुए इस सम्मेलन में राहुल गांधी ने कहा हमने यहां रोजगार सृजन पर सबसे ज्यादा ध्यान दिया। मैंने मुख्यमंत्री बघेल से कहा कि छत्तीसगढ़ में अलग अलग स्किल हैं। हर जिले में आप कुछ अलग सा बनाते हो। छोटे उद्यमियों को बैंक लिंकेज मिलना चाहिए। मैंने उनसे कहा कि आपका फोकस इन पर होना चाहिए, इसकी मार्केटिंग हो, मुझे खुशी है कि मुख्यमंत्री बघेल ने इस पर अच्छा काम किया है। इससे लाखों युवाओं के लिए रोजगार का रास्ता खुला है। छत्तीसगढ़ देश का केंद्र है। आपको देश का लाजिस्टिकल सेंटर बनना चाहिए। आप इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कीजिए ताकि छत्तीसगढ़ हिंदुस्तान का लाजिस्टिक सेंटर बन पाये। आप दुनिया को छत्तीसगढ़ से जोड़िये। इससे छत्तीसगढ़ के प्रोडक्ट केवल भारत ही नहीं, दुनिया में भी जाएं। मुझे लगता है कि छत्तीसगढ़ की सरकार ने बहुत अच्छा काम किया है।

इस मौके पर उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने अपना अमूल्य समय देने के लिए राहुल गांधी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, सांसद दीपक बैज, राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन ने भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा ने स्वागत भाषण किया। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी शैलजा, छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, सांसद फूलोदवी नेताम, रंजीत रंजन, कृषि मंत्री ताम्रध्वज साहू, पंचायत विकास मंत्री रविंद्र चौबे, वन मंत्री मोहम्मद अकबर, नगरीय प्रशासन मंत्री शिव डहरिया, संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत, आबकारी मंत्री कवासी लखमा, सहकारिता मंत्री मोहन मरकाम, महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया, संसदीय सचिव तथा निगम मंडलों के अध्यक्ष उपस्थित थे।

### कृषि विवि में तिलहनी फसलों पर राष्ट्रीय संगोष्ठी कल

**रायपुर (ए)।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में भारतीय तिलहन अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद एवं इंडियन सोसायटी ऑफ आइलसीड रिसर्च, हैदराबाद के संयुक्त तत्वावधान में 4 सितम्बर को 'तिलहनी फसलों हेतु जलवायु अनुकूल प्रौद्योगिकी एवं मूल्य संवर्धन' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन होगा। कृषि महाविद्यालय के सभागार में आयोजित इस संगोष्ठी का शुभारंभ छत्तीसगढ़ के कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह करेंगे तथा अध्यक्षता इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल करेंगे। इस अवसर पर संचालक कृषि एवं पशु चिकित्सा, चंदन संजय त्रिपाठी और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के सहायक महानिदेशक डॉ. संजीव गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में देश भर में तिलहनी फसलों पर शोध कार्य करने वाले वैज्ञानिक शामिल होंगे। इस दौरान छत्तीसगढ़ में उत्पादित होने वाली प्रमुख तिलहनी फसलों जैसे अलसी, सोयोबीन, कुसुम, राम तिल, तिल सरसों, मूंगफली, अरंडी आदि पर विशेषज्ञों द्वारा शोध पत्र भी प्रस्तुत किये जाएंगे।

तिलहन फसलों पर राष्ट्रीय संगोष्ठी के साथ ही 5, 6 सितम्बर को अलसी तथा कुसुम फसलों पर दो दिवसीय वार्षिक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा जिसमें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा देश भर में संचालित अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजनाओं (अलसी) के 14 अनुसंधान केन्द्रों तथा अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजनाओं के 8 अनुसंधान केन्द्रों के कृषि वैज्ञानिक शामिल होंगे। कार्यशाला में भारतीय तिलहन अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. आर.के. माथुर भी उपस्थित रहेंगे।

## हाथकरघा उत्पादों में आधुनिक डिजाईन और नवीन रंग संयोजन को मिलेगा बढ़ावा




### छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ की वार्षिक आमसभा संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ की वार्षिक आमसभा का आज राजधानी रायपुर स्थित एक निजी होटल में संपन्न हुआ। इस बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा संघ के विभिन्न जिले राजनांदगांव, बालोद, दुर्ग, जांजगीर-चांपा, बस्तर, कोण्डागांव, कांकेर, रायगढ़, धमतरी, बलौदाबाजार, बिलासपुर सहित महासमुन्द के लगभग 104 बुनकर सहकारी समिति के प्रतिनिधि शामिल हुए।

इस अवसर पर प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ चन्द्रकांत वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व और ग्रामोद्योग मंत्री गुरू रूद्रकुमार के निर्देशन में हाथकरघा संघ बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने हाथकरघा उत्पादों को बाजार के अनुरूप बनाने के लिए आधुनिक डिजाईन एवं नवीन रंग संयोजन के प्रयोग को बढ़ावा देने जोर दिया और बुनकर समितियों को प्रोत्साहित भी किया। प्रबंध संचालक वर्मा ने संघ के उत्पादन कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित गुणवत्ता के साथ लक्ष्य को समय-सीमा में पूर्ण करने की बात कही।

बैठक में सदस्यों द्वारा विगत वर्षों के अंकेक्षित वित्तीय पत्रक का अवलोकन कर वर्ष 2023-24 के अनुमानित बजट का भी अनुमोदन किया। बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा संघ के अंतर्गत उत्पादन कार्यक्रम के संबंध में बुनकर सहकारी समितियों ने विस्तार से चर्चा की। संघ के सदस्य समितियों द्वारा बुनकरों के कल्याण के लिए ज्यादा से ज्यादा कार्ययोजना बनाने के सुझाव दिये। इसके साथ-साथ हाथकरघा संघ के उत्पादन एवं विपणन को बढ़ाने के लिए विस्तार से चर्चा की।

वार्षिक आमसभा की बैठक में पंजीयक सहकारी संस्था के हितेश दोषी, ग्रामोद्योग की नूतन अजगर, उप संचालक आईआरसिंह सहित हाथकरघा संघ के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ए. अयाज महाप्रबंधक और समीर मिश्रा ने आभार प्रदर्शन किया।

## ओलंपियाड प्रशिक्षण जनजाति विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षा के लिए बनाएगा सक्षमः शम्मी आबिदी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** आयुक्त आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विभाग शम्मी आबिदी ने कहा है कि ओलंपियाड प्रशिक्षण जनजाति विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षा हेतु सक्षम बनाएगा। आबिदी ओलंपियाड परीक्षा की तकनीक, पैटर्न और अध्यापन के तरीके लिए आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण में उपस्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के विज्ञान और गणित के शिक्षकों के प्रशिक्षण सत्र को सम्बोधित कर रही थी। प्रशिक्षण का आयोजन आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विभाग द्वारा 1 और 2 सितंबर को नवा रायपुर के आदिम जाति अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान नवा रायपुर में किया गया। प्रशिक्षण में 205 प्रशिक्षणार्थी शामिल हुए।



प्रशिक्षण का शुभारंभ आदिम जाति, अनुसूचित जाति विभाग की आयुक्त शम्मी आबिदी ने किया। प्रशिक्षण में शिक्षकों को अपने विद्यालय के स्टूडेंट्स को ओलंपियाड परीक्षा की तकनीक, पैटर्न और अध्यापन के तरीके बताए गए। यह प्रशिक्षण दिल्ली से साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन के विशेषज्ञों द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षित शिक्षक अपने जिले में जाकर अन्य सभी शिक्षकों को भी प्रशिक्षित करेंगे और शिक्षकों द्वारा स्कूल के बच्चों को ओलंपियाड परीक्षा की भी तैयारी कराएंगे।

ज्ञातव्य है कि ओलंपियाड परीक्षा एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा है, जिससे स्टूडेंट्स की प्रतिभा विकास को बल मिलता है और पहचान मिलती है। इस परीक्षा के माध्यम से एकलव्य स्कूल के जनजातीय बच्चों को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर आने और उन्हें उपलब्धि हासिल करने का अवसर प्राप्त होगा।

## 'राजीव युवा मितान सम्मेलन': विकास प्रदर्शनी में दिखी छत्तीसगढ़ मॉडल की झलक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** 'राजीव युवा मितान सम्मेलन' के आयोजन के अवसर पर नवा रायपुर के मेला ग्राउंड में जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई विकास प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ मॉडल की झलक दिखाई दी। विकास प्रदर्शनी में प्रदेश सरकार के पौने पांच साल की उपलब्धियों को फोटो और चलचित्र के माध्यम से दिखाया गया। विकास प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं राजीव युवा मितान क्लब, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक, हमर लैब, सुराजी गांव योजना, नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, छत्तीसगढ़ मिलेट मिशन, बेरोजगारी भत्ता योजना वनोपज की खरीदी को प्रमुख रूप से दर्शाया गया। प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर आधारित डाक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन भी प्रदर्शनी स्थल पर किया गया।




नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243























# पुरुषों की तुलना में महिलाओं को क्यों करनी पड़ती वजन घटाने में ज्यादा मशक्कत, यह है कारण

**वजन घटाना आसान नहीं होता है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं को इसके लिए ज्यादा मशक्कत करनी पड़ती है। दरअसल, महिलाओं का वजन काफी तेजी और जल्दी बढ़ता है। उन्हें इसे कम करने के लिए भी ज्यादा मेहनत की जरूरत होती है। आइए जानते हैं इसका क्या है कारण और एक्सपर्ट क्या कहते हैं।**

### वेट लूज करने में महिलाओं को क्यों होती है ज्यादा परेशानी

तेजी से बढ़ता है महिलाओं का वजन महिलाओं का वजन पुरुषों के मुकाबले तेजी से बढ़ता है। प्यूबर्टी के वक्त से ही फैट बढना शुरू हो जाता है। जब प्यूबर्टी आता है, तब ज्यादातर लड़कियों का वजन बढ़ जाता है। हालांकि, एडल्टहुड तक लड़के और लड़की दोनों की बॉडी में फैट की मात्रा 35 से 40 प्रतिशत तक होती है। अब चूंकि महिलाएं में आसानी से वेट गेन हो जाता है, इसलिए वेट लॉस के लिए उन्हें ज्यादा और कड़ी मेहनत करनी पड़ती है।

### महिलाओं में धीमा होता है मेटाबॉलिज्म

महिलाओं में मेटाबॉलिज्म स्लो होने के कारण एक नॉर्मल फिजिकल एक्टिविटीज को करने के बाद भी पुरुषों की तुलना में महिलाएं कम कैलोरी ही बर्न कर पाती है। इस वजह से महिलाओं के लिए वेट लूज करना काफी चैलेंजिंग हो जाता है।

### फैट स्टोरेज कैपेसिटी का अलग होना

पुरुष और महिला दोनों की बॉडी में फैट डिस्ट्रीब्यूशन और स्टोरेज कैपेसिटी अलग-अलग होती है। पुरुष के पेट के आसपास के हिस्सों में फैट जमा होता है, जबकि महिलाओं में हिप और थाइज के एरिया में फैट स्टोर होता है। इसके लिए हार्मोनल पैटर्न जिम्मेदार माने जाते हैं। हिप और थाइज में जो फैट जमता है, वो काफी जिद्दी होता है। जिसकी वजह से महिलाओं को वजन कम करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती है।

### फैट बर्न करना महिलाएं को लिए चैलेंजिंग

महिलाओं की तुलना में पुरुषों के शरीर में ज्यादा मांसपेशियां होती हैं। जिसकी वजह से महिलाओं की फैट बर्निंग कैपेसिटी काफी कम होती है। फैट बर्न करने में मांसपेशियां महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इसलिए महिलाओं को वजन कम करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है।



# 22 साल की उम्र में नहीं थम रहीं पलक तिवारी की हॉटनेस, लेटेस्ट तस्वीरों ने इंटरनेट पर मचाया बवाल

**टीवी की मशहूर एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की जूनियर पलक तिवारी आए दिन अपनी खूबसूरती के कारण फैंस के बीच छाई हुई रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं।**

हालांकि फैंस उनकी हर एक पोस्ट को देखकर अक्सर अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरों से सोशल मीडिया पर धमाल मचा दिया है। बॉलीवुड फिल्म किसी का भाई किसी की जान से फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करने वाली पलक तिवारी का नाम इंडस्ट्री की पॉपुलर अभिनेत्रियों में शामिल हो चुका है। बॉलीवुड फिल्म किसी का भाई किसी की जान से फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करने वाली पलक तिवारी का नाम इंडस्ट्री की पॉपुलर अभिनेत्रियों में शामिल हो चुका है। पलक अपनी एक्टिंग से ज्यादा अपनी बोल्ड और स्टनिंग फैशन सेंस के कारण चर्चाओं में रहती हैं। महज 22 साल की उम्र में पलक तिवारी ने अपने नाम एक बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी सिजलिंग अदाओं को देखकर आहें भरने लगते हैं। लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरों में आप देख सकते हैं पलक तिवरी ने नाइट सूट पहन कर फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उन्होंने पिंक कलर का नाइट ड्रेस पहना हुआ है, जिसमें वो क्यूट लुक्स में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस का ये लुक देखकर फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। साथ ही कॉमेंट्स और लाइक्स के जरिए रिस्पॉन्स भी कर रहे हैं।



# टीवी इंडस्ट्री में 12 साल पूरे होने पर बोलीं फलक नाज-लोग मेरे काम को याद करते हैं

ससुराल सिमर का, भारत के वीर पुत्र : महाराणा प्रताप और राम सिया के लव कुश में अपनी भूमिकाओं के लिए जानी जाने वाली एक्ट्रेस फलक नाज ने टीवी इंडस्ट्री में 12 साल पूरे कर लिए हैं। 12 साल पूरे करने पर उन्होंने कहा, मैं कहूंगी कि अपनी जर्नी के दौरान मैंने कई खूबसूरत किरदार निभाए हैं, मैं हमेशा अपने काम को लेकर चयनात्मक रही हूं और मेरा मानना है कि मैंने अच्छा काम किया है। लोग मेरे काम को याद करते हैं और यह सब ससुराल सिमर का शो से शुरू हुआ, जो सबसे बड़ा है क्योंकि इसने मुझे सबके सामने जान्हवी के रूप में पहचान दिलाई। उन्होंने कहा, मैंने ऐसे खूबसूरत किरदार निभाए हैं, जिन्हें लेकर मैं कह सकती हूं कि युवा लोग, विशेष रूप से देवकी में मेरे किरदार को पसंद करते हैं। मुझे वह भूमिका निभाने में बहुत मजा आया। फलक नाज ने बिग बॉस ओटीटी 2 में हिस्सा लिया था, लेकिन शो के बीच में ही वह घर से बेघर हो गई।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### राइस मिल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**धमतरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर और सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप जिला नोडल अधिकारी श्रीमती रोक्तिमा यादव के मार्गदर्शन में आगामी विधानसभा चुनाव 2023 की तैयारियां जिले में जोर पकड़ रहीं हैं। इसके तहत स्कूल, कॉलेज ऑयल और राइस मिलों सहित विभिन्न विभागों के शिविरों और बैठकों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में गत दिनों मतदाता जागरूकता अभियान के तहत अतुल राइस मिल में कार्यरत कर्मचारियों को मतदान के लिए जागरूक करते हुए स्लोगन के माध्यम से जागरूक कर शपथ दिलाया गया। शपथ में कहा गया कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। साथ ही 'बूढ़े हो या जवान, सभी करें मतदान', संबंधी स्लोगन का नारा भी लगाया गया। इस अवसर पर श्रम विभाग के अधिकारी कर्मचारी और मिल संचालक मोजूद थे।

### महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत निर्मित कुआं से लहलहा रही फसलें

**जशपुरनगर।** जनपद पंचायत फरसाबहार अंतर्गत महात्मा गांधी नरेगा कई रूपों में लोगों का जिन्दगी बदल रहा हैं। जरूरत के समय रोजगार देने के साथ ही कृषि कार्यों में भी सिंचाई हेतु अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है। ग्राम पंचायत सीमाबारी के कृषक श्री नकुल साय के जीवन में मनरेगा ऐसे ही लाभ लेकर आया है। कृषक नकुल साय ने बताया कि महात्मा गांधी नरेगा से उनका कुआ निर्माण कार्य वर्ष 2019-20 में कुल 2.10 लाख स्वीकृत हुआ था जिसमें 0.96 लाख मजदूरी तथा 1.14 लाख रुपए सामग्री का था। कुआं निर्माण से कुल 106 मानव दिवस का रोजगार प्राप्त हुआ । खेत के किनारे बने कुआं निर्माण से उन्हें कम बारिश की स्थिति में भी फसलों को बचाने का साधन मिल गया है। वर्तमान में सामान्य से कम वर्षा होने के कारण भी आज उनकी फसल अच्छी स्थिति में है उन्होंने बताया कि मनरेगा से निर्मित कुआं में पर्याप्त रूप से पानी का भराव है। श्री नकुल साय ने बताया की वर्ष 2020-21 से उनका सिंचाई से संबंधित समस्या का समाधान हो गया है। उनका कुआँ घर के नजदीक बाड़ी में होने के कारण वे विभिन्न साग-सब्जियों से अतिरिक्त आय प्राप्त कर रहे हैं। बाड़ी में बंधा गोभी से 10 हजार, फुलगोभी से 10 हजार हरी मिर्च से 2 हजार, बैंगन से 5 हजार, टमाटर से 6 हजार बरबट्टी से 2 हजार, हरा भाजी से 2 हजार प्याज से 5 हजार एवं धान से अतिरिक्त 10 हजार का आमदनी प्राप्त हुई है। इस तरह से वे प्रत्येक वर्ष अपनी आय में वृद्धि कर रहे हैं। उन्होंने महात्मा गांधी नरेगा योजना का सराहना करते हुये कहा कि लोगों को योजना से विभिन्न प्रकार से लाभ लेते रहना चाहिए। कुआ निर्माण डबरी निर्माण, भूमि सुधार, मेढबंधान, पशु शेड आदि से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी एवं आय में वृद्धि होगी।

### रेडक्रॉस का उद्देश्य सामाजिक भावना जागृत कर निःस्वार्थ भाव से कार्य करना-एम.के.राउत

**रायगढ़।** राज्य रेडक्रॉस के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह जनरल सेक्रेटरी एम.के. राउत एवं चेयरमेन अशोक कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में जिंदल गेस्ट हाऊस में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा उपस्थित रहे। राज्य रेडक्रॉस के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह जनरल सेक्रेटरी एम.के.राउत ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि रेडक्रॉस दुनिया का सबसे बड़ा एनजीओ है जिसका उद्देश्य लोगों में सामाजिक भावना जागृत कर नि:स्वार्थ भाव से कार्य करना है। बैठक में उन्होंने जिला शाखा रेडक्रॉस की वर्तमान गतिविधियां, रेडक्रॉस दवा दुकान, ब्लड सेंटर और एंबुलेंस का संचालन, नि:क्षय मित्र अभियान पर चर्चा, सदस्यता अभियान, प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण, शालाओं एवं महाविद्यालयों में रेडक्रॉस का गठन एवं गतिविधियों का संचालन, स्कूल-कालेजों के छात्राओं को फर्स्ट एड प्रशिक्षण दिया जाना, ब्लड डोनेट करने के लिए जनजागरूकता लाने, प्रत्येक गांवों में रेडक्रॉस वालेन्टियर नियुक्त करने, रेडक्रॉस सदस्यता अभियान चलाये जाने जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए एवं आवश्यक निर्णय लिया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह जनरल सेक्रेटरी एम.के.राउत के द्वारा दान, सदस्यता अभियान के संबंध में जानकारी लेने पर सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर ने बताया कि दिए गए लक्ष्य पर कार्य किया जा रहा है। वहीं लक्ष्य प्राप्ति हेतु विस्तृत कार्ययोजना बनायी जा रही है। इसके साथ ही स्कूल व कालेज में नये सदस्य बनाये जा रहे है। जिस पर राउत ने शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग से सदस्यता शुल्क के संबंध में चर्चा की।

# छत्तीसगढ़ के युवा राहुल गांधी के साथ खड़े हैं-दीपक बैज

श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सांसद दीपक बैज ने राजीव युवा मितान सम्मेलन में संबोधित करते हुए कहा कि आज छत्तीसगढ़ की धरती पर हमारासौभाग्य है कि हमारे बीच हमारे देश के नेता राहुल गांधी उपस्थित हैं। हमारे नेता राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक 3500 किलोमीटर यात्रा देश के बदलाव के लिए, देश के परिवर्तन के लिए और केंद्र सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए पैदल यात्रा की। देश को शांति का संदेश दिया। आज देश बंटवारे की ओर है। उसे राहुल गांधी जी ने शांति का संदेश दिया है।**



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि यह युवा सम्मेलन सरकार और जनता के बीच की कड़ी है, जो जनता की योजनाओं के बीच जाते हैं, जनता को सरकार की योजना की जानकारी देना, लागू करवाना है। युवा मितान जनता की मदद में लगे हुए हैं। हमारे छत्तीसगढ़ में पौने 5 साल में कांग्रेस सरकार में बहुत काम हुआ है और आपके निर्देशन में कांग्रेस की सरकार ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में बस्तर से लेकर सरगुजा तक हर योजना हर वर्ग तक पहुंचाई है। किसानों का कर्ज माफ किया है। 2500 धान की कीमत दी है। उन्होंने राहुल गांधी से मुखातिब होते हुए कहा कि आपने जो वादे किए थे, एक-एक वादा हमारी सरकार ने पूरा किया है। युवाओं को बेरोजगारी भत्ता2500 रुपये प्रतिमाह दिया जा रहा है। भूपेश बघेल सरकार माता बहनों को समर्थ बना रही है। मैं बस्तर से आता हूं। बस्तर में 15 साल की सरकार में नक्सलियों के नाम से आदिवासियों को गोली मारी जाती थी। आज एक भी फर्जी एनकाउंटर नहीं होता। नक्सली पीछे चले गए हैं। बस्तर शांति की राह पर लौट चुका है। आपने हम जैसे युवाओं पर भरोसा किया है। आज युवा आपको देखने आए हैं आपके संदेश को सुनने आए हैं।छत्तीसगढ़ के युवा आपके मार्गदर्शन में काम करना चाहते हैं। आपका संदेश लेकर काम करना चाहते हैं। आपने हम पर हमेशा भरोसा किया है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस की जिम्मेदारी दी है, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। आपके साथ युवाओं की फौज है। छत्तीसगढ़ में 75 से ज्यादा सीट जीतकर सरकार बनाएंगे। यह युवाओं की सरकार होगी। गांव गरीब किसान की सरकार होगी। आदिवासियों की सरकार होगी। अनुसूचित जाति की सरकार होगी। पिछड़े वर्गों की सरकार होगी। यह सरकार सबकी सरकार होगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री बैज ने कहा कि उस विचारधारा से लड़ना है जो देश को बांटने में लगी हुई है। जो झूठ की राजनीति करते हैं। जो छत्तीसगढ़ में नफरत फैलाने का काम करते हैं। उनके खिलाफहम छत्तीसगढ़ के स्वाभिमान की लड़ाई, छत्तीसगढ़ की अस्मिता की लड़ाई लड़ते हैं। छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बचाना है तो फिर से कांग्रेस की सरकार बनाना है। कदम से कदम मिलाकर युवा कांग्रेस के साथ चलेंगे। कांग्रेस की सरकार फिर से बनाएंगे।

राजीव युवा मितान सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष युवा सांसद दीपक बैज ने आज समां बांध दिया। उनके भाषण के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा सहित वहां मौजूद तमाम नेता और भारी संख्या में उपस्थित युवा मंत्रमुग्ध होकर उनका तेजस्वी भाषण सुनते रहे। बैज ने जोशीले अंदाज में भाजपा पर आक्रमण किया तो इसके साथ ही भूपेश बघेल सरकार का पांच साल का लेखाजोखा भी पेश करते हुए राहुल गांधी को भरोसा दिलाया कि फिर एक बार कांग्रेस की सरकार बन रही है।

## यूथ वोटर्स को जोड़ने के लिए देश में पहली बार छत्तीसगढ़ में तैयार किया गया रैप सॉन्ग



श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर।** यूथ वोटर्स को नाम जुड़ावाने और एपिक कार्ड बनाने के लिए एक अनूठी पहल छत्तीसगढ़ में की गई है। यहां के कांकरे जिला प्रशासन ने एक रैप सांग तैयार किया गया। यूथ में रैप सॉन्ग के क्रेज को देखते हुए ये पहल की गई है। जिसे स्वीप एसएसआर रैप नाम दिया गया है। यूथ ज्यादातर सोशल मीडिया में एक्टिव रहते हैं लिहाजा उनको इंस्टाग्राम, फेसबुक और व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में ये रैप सॉन्ग सुनाई देगा। देश में पहली बार यूथ वोटर्स को जागरुक करने के लिए ऐसा कोई रैप तैयार किया गया है।

छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने कांकेर जिला प्रशासन के इस 'स्वीप एसएसआर रैप' को लॉन्च किया है। इस दौरान संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी निलेश क्षीरसागर और कांकेर जिले के स्वीप नोडल अधिकारी और जिला पंचायत के सीईओ सुमीत अग्रवाल मौजूद रहे।

कांकेर जिला प्रशासन के अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक 'स्वीप एसएसआर रैप' संभवतः पूरे देश में अपने प्रकार का पहला ऐसा रैप है, जो विशेष रूप से अभी चल रहे फोटोयुक्त मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए बनाया गया है ताकि ज्यादा से ज्यादा यूथ वोटर्स अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाकर आने वाले विधानसभा चुनाव में वोट करना ना भूलें। इस रैप की विशेष बात यह है कि इसे कांकेर स्वीप टीम ने खुद तैयार किया गया है।

'स्वीप एसएसआर रैप' की खास बात ये है कि इसकी शुटिंग कांकेर के ही लाइवलीहुड कॉलेज में की गई है और स्थानीय युवाओं को ही इस जागरुकता वीडियो में लिया गया है। इस रैप के लिरिक्स प्रियंका ने लिखे हैं।

## कलेक्टर दुग्गा ने सेल्फी जोन में फोटो क्लिक करके दिया मतदाता जागरूकता का संदेश




श्रीकंचपनथ न्यूज

**मनेंद्रगढ़। कलेक्टर नरेंद्र कुमार दुग्गा शनिवार को स्वामी आत्मानंद स्कूल मनेंद्रगढ़ में आयोजित स्वीप के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित दिव्यांग, बुजुर्ग, महिला, नागरिकों, स्कूली छात्र और छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के खिलाड़ियों को कलेक्टर श्री दुग्गा ने मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई।**


चला संगी वोट देहे जाबो और चुनई चिरई के बैनर तले स्वीप जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित सभी मतदाताओं के साथ कलेक्टर ने सेल्फ़ी ज़ोन में फोटो खिंचाई। इसके साथ ही केंद्र में बने हुए मतदान संकल्प बोर्ड में सभी अधिकारियों कर्मचारियों ने मतदाताओं को जागरूक करने स्लोगन लिखा। कलेक्टर श्री दुग्गा ने लिखा कि जिले कि सभी मतदाताओं को मतदान करने का अनुरोध करता हूँ तो वहीं अपर कलेक्टर अनिल सिदार ने लिखा मतदान अधिकार ही नहीं दायित्व भी है इसलिए मतदान अवश्य करें।

एसडीएम मनेंद्रगढ़अभिलाषा पैकरा, जिला पंचायत के नोडल अधिकारी पीके हरित, जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा, तहसीलदार नीरज तिवारी, मण्डल संयोजक संजय श्रीवास्तव तथा अन्य अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में मतदाता उपस्थित थे।

अपने रंगमंच को लोक परंपराओं का आधार दिया हबीब ने

## रंगकर्म के पुरोधा हबीब तनवीर की जन्मशती पर दो दिवसीय शताब्दी समारोह 'रंग हबीब' का समापन

श्रीकंचपनथ न्यूज



**रायपुर।** कला अकादमी छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद रायपुर द्वारा रजा फाउंडेशन के सहयोग से विख्यात नाटककार और रंग निर्देशक हबीब तनवीर की जन्मशती पर दो दिवसीय शताब्दी समारोह ''रंग हबीब'' का समापन शनिवार को राजधानी रायपुर के सिविल लाइन न्यू सर्किट हाउस स्थित कन्वेंशन हॉल में हुआ।

इस दौरान विभिन्न सत्रों में रंगमंच के पुरोधा हबीब तनवीर को याद करते हुए वक्ताओं ने मौजूदा दौर में उनकी प्रासंगिकता पर बात की। समापन दिवस पर ''भारत की खोज वाया हबीब'', ''हबीब की कला'' और ''हबीब का जीवन दर्शन'' विषय पर हुए अलग-अलग सत्रों में वक्ताओं ने हबीब तनवीर के साथ जुड़े अपने संस्मरण भी बताए। शुरूआत में स्वागत उद्बोधन देते हुए छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन कला अकादमी के अध्यक्ष योगेंद्र त्रिपाठी ने दो दिवसीय आयोजन की सार्थकता पर बात की। वरिष्ठ पत्रकार ओम थानवी ने हबीब तनवीर के लेखन पक्ष पर अपनी बात रखते हुए कहा कि एक लेखक होने की संभावनाएं उनमें बहुत थी। छोटे-छोटे वाक्यों में बड़े प्रवाह के साथ लिखते थे। उनकी पूरी आत्मकथा में लोक की प्रतिष्ठा है। उनमें समाजवादी सोच किस तरह से विकसित हो रही थी यह उनकी आत्मकथा में देख सकते हैं।

वरिष्ठ साहित्यकार अशोक बाजपेयी ने कहा कि यह बहुत जरूरी है कि ऐसे समय में हबीब तनवीर को याद किया जा रहा है, जहां सच को अपनी मुट्ठी में लिये हुए बहुत से लोग हैं। अगले साल लालकिले में क्या होगा इसका सच भी लोग अभी से बता रहे हों ऐसे समय में यह याद रखना जरूरी है कि कलाएं पहले से तय सच का प्रतिरोध करती है। वो अपने को ऐसे सच से अलग रखती है।

हबीब तनवीर पर किताब लिख रहे आशीष पाठक ने कहा कि हबीब हजार तरह के काम करते हुए आगे बढ़ते रहे। हबीब जानते थे कि सफलता तुलनात्मक है और सार्थकता मुक्ति। मुक्ति के लिए सच बोलेने की भारतीयता उनमें थी। वरिष्ठ समीक्षक उदयन बाजपेयी ने कहा कि हबीब तनवीर ने जो जीवन रायपुर में जिया और जो जीवन आगे जाकर होने वाला था उसमें काफी फर्क रहा। इसलिए हबीब क्या करना चाहते थे, क्यों करना चाहते थे और किस तरह करना चाहते थे इसकी खबर हबीब तनवीर को होते-होते हुई। सुबह के सत्र में शुरुआत करते हुए राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के पूर्व निदेशक देवेंद्र राज अंकुर ने कहा कि मुझे हबीब तनवीर का रंगकर्म बेहद निकट से देखने का मौका मिला। अंकुर ने कहा कि ''आगरा बाजार'' के करीब 20 प्रदर्शनों में उन्हें अभिनय करते हुए हबीब तनवीर का रंगकर्म बेहद करीब से देखने-समझने का मौका मिला।

कलेक्टर ने राजिम में जिले के प्रथम किताब घर का किया शुभारंभ

## जरूरतमंदों को शैक्षणिक, ज्ञानवर्धक एवं मनोरंजन की किताबें पढ़ने की मिलेगी सुविधा

श्रीकंचपनथ न्यूज



**गरियाबंद।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने जिले के पाठकों की सुविधा के लिए एक विशेष पुस्तक दान महाभियान की पहल 14 अगस्त को संयुक्त जिला कार्यालय परिसर से स्वयं पुस्तकें दान कर किया था। जिसमें अब तक जिले के लोगों ने अब तक लगभग 3 हजार से अधिक पुस्तकें दान की है।

इस पुस्तक दान महाभियान में अधिकारी-कर्मचारी सहित आमजन भी अपने पास रखे पढ़ने लायक विभिन्न प्रकार के किताबों को लगातार दान कर रहे है। इन किताबों को राजिम के कन्या माध्यमिक विद्यालय परिसर में सुव्यवस्थित तरीके से विकसित किया गया है। यह जिले का प्रथम किताब घर होगा। यहां से कोई भी जरूरत मंद अपनी मन पसंद की किताब पढ़ने के लिए अपने नाम से पुस्तकें जारी करा सकेंगे। कलेक्टर श्री छिकारा ने आज राजिम के कन्या माध्यमिक शाला में जिले के प्रथम किताब घर का फीता काटकर शुभारंभ किया।

कलेक्टर श्री छिकारा ने कहा कि पुस्तक ज्ञान का भंडार होता है। यह हमेशा इंसान को सच्चे मित्र की तरह अच्छी सीख की प्रेरणा देती है। पुस्तक का महत्व कभी खत्म नहीं होता है। कलेक्टर ने कहा कि किताब पढ़ने के पश्चात उसकी उपयोगिता कभी खत्म नहीं होती। अन्य लोगों के लिए उपयोगी हो सकती है। इसी सोच के मद्देनजर किताब घर का शुभारंभ किया गया है। कलेक्टर ने स्कूली बच्चों से चर्चा के दौरान कहा कि छुपी हुई प्रतिभा को सामने लाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा बोलेगा बचपन अभियान का संचालन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत विभिन्न विधाओं में कक्षा पहली से 12वीं तक के बच्चों के विशिष्ट प्रतिभा को आगे लाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। कलेक्टर श्री छिकारा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपना लक्ष्य बड़ा बनाये रखना चाहिए और बड़ा लक्ष्य हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करना चाहिए। यदि कभी असफलता मिलती है तो उससे निराश होने की जरूरत नही है। लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए इमानदारी पूर्वक और कड़ी मेहनत करनी चाहिए, जो भी कार्य करें उस पर शत-प्रतिशत अपना समय दें। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत, एसडीएम धनंजय नेताम, जनपद सीईओ अजय पटेल ने भी विद्यार्थियों को प्रेरित किया। इस अवसर पर स्वामी आत्मानंद स्कूल एवं कन्या शाला के विद्यार्थी एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

### उत्कृष्ट कार्य के लिए कलेक्टर ने किया आयुष चिकित्सकों को सम्मानित

**उत्तर बस्तर कांकेर ।** बस्तर संभाग में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए राज्य सरकार द्वारा पुरस्कृत कांकेर जिले के तीन आयुष चिकित्सकों को कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला ने सम्मानित किया । आयुष कायाकल्प पुरस्कार अन्तर्गत बस्तर संभाग से कांकेर जिले के कोटतरा आयुष केन्द्र प्रभारी चिकित्सक डॉ धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर को प्रथम पुरस्कार, तरहुल आयुष केन्द्र प्रभारी डॉ प्रवीण श्यामल को द्वितीय पुरस्कार और दबेना आयुष केन्द्र प्रभारी चिकित्सक डॉ ललित सार्वा को तृतीय पुरस्कार दिया गया है। कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला ने पुरस्कृत तीनों चिकित्सकों को सम्मानित करते हुए उन्हें बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ सुखपाल ध्रुव सहित जिले के सभी आयुष चिकित्सक उपस्थित थे।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर



### संपत्ति विवाद में बेटे ने कर दी पिता की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में बेटे ने पिता की गला रेतकर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया लेकिन कटघोरा पुलिस की पकड़ में आ गया। घटना स्थल पर पहुंचने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की और शव को पीएम के लिए भेजा। घटना शनिवार सुबह की है।

मिली जानकारी के अनुसार कटघोरा पुलिस थाना की जटगा चौकी के अंतर्गत यह घटना शनिवार सुबह छह बजे पुटवा गांव के आमाभाटा मोहल्ले में हुई। चंद्रभूषण सिंह का उसके पिता के साथ संपत्ति को लेकर अक्सर विवाद होता रहता था। इसी विवाद के कारण वह गांव से दूर दूसरी बस्ती में अपने परिवार के साथ रहता था। शुक्रवार को वह घर अपने घर आया। शुक्रवार रात को सबकुछ ठीक था। बताया जा रहा है कि शनिवार की सुबह चंद्रभूषण का अपने पिता से विवाद शुरू हुआ। विवाद बढ़ा तो उसने घर पर रखे फरसे से पिता का गला रेत दिया। इससे उसके पिता की मौके पर ही मौत हो गई। पिता की हत्या करने के बाद वह भाग गया। इस घटना की सूचना पुलिस को मिली तो घटना स्थल पर पहुंची। इधर आरोपी चंद्रभूषण भागने की फिराक में था लेकिन कटघोरा पुलिस की गिरफ्त में आ गया।

### राजधानी में दिन दहाड़े युवती ने पेड़ पर फंदा लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**रायपुर।** राजधानी के सेजबहार क्षेत्र में शनिवार को दिन दहाड़े युवती ने पेड़ पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को उतारा ओर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस को मौके पर एक टूटा फूटा मोबाइल मिला है। मृतका की पहचान डोमा गांव निवासी पायल गेंदरे के रूप में हुई है। मामला मुजगहन थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार डोमा गांव निवासी पायल गेंदरे आसपास के घरों में साफ सफाई का काम करती थी। शनिवार को दोपहर लगभग 3 बजे वह सेजबहार क्षेत्र में पहुंची और एक सुनसान मकान के पीछे बबूल के पेड़ पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या करने से पहले युवती ने अपने मोबाइल पर पत्थर पटककर तोड़ दिया। शुरुआती जांच के बाद पुलिस को शक है कि आत्महत्या के पीछे प्रेम प्रसंग का मामला हो सकता है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

## दंतेवाड़ा पुलिस की बड़ी सफलता

# दो इनामी सहित 8 नक्सलियों ने किया समर्पण, सर्चिंग में पकड़ाए 6 नक्सली

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दंतेवाड़ा।** लोन वर्राटूट के तहत दंतेवाड़ा में पुलिस और सीआरपीएफ को दोहरी सफलता मिली है। यहा दो इनामी सहित कुल 8 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। यही नहीं सुरक्षा बलों ने अलग अलग थाना क्षेत्रों में 6 नक्सलियों को गिरफ्तार करने में भी सफलता पाई है। सीआरपीएफ व डीआरजी जवानो के सर्चिंग के दौरान पांच लाख के इनामी मुन्ना बरसा को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों को जेल भेज दिया गया है।





मिली जानकारी के अनुसार आत्म समर्पण करने वाले आठ नक्सलियों में मार्जुम मिलिशिया कमांडर मंगडू पर एक लाख का इनाम घोषित था। इसके अलावा दूसरे महिला नक्सली टेटम पंचायत केएएमएस अध्यक्ष कुमारी लखमें पर भी इनाम घोषित था। इनके साथ 6 और नक्सलियों ने आत्म समर्पण किया। समर्पण करने वाले नक्सली कई नक्सली वारदातों में शामिल रहे। इसके अलावा अलग अलग थाना क्षेत्रों में 6 नक्सली गिरफ्तार हुए है।

गिरफ्तार नक्सलियों में महिला नक्सली मंगली पुनेम भी शामिल है। गिरफ्तार महिला नक्सली ने ट्रेन डिरेल करने सहित अन्य बड़ी नक्सली वारदातों में रही। मौके से इन दोनों इनामी नक्सलियों के कब्जे से तीन नग डेटोनेटर,दो नग जिलेटिन रॉड, कार्डटेक्स वायर व 54650 नगद भी इन दोनों नक्सलियों के पास से बरामद किया गया है। इधर अरनपुर थाना क्षेत्र से सर्चिंग के दौरान रवा, मूका, हिड़मा, माड़वी भीमा गिरफ्तार किए गए। उक्त नक्सलीयो के खिलाफ धारा 147,148,149,307 भादवि 25,27आर्म्स एक्ट13 (1) 38 (2) 39 (2) आदि के तहत अपराध दर्ज किए गए थे।

## युवक की हत्या के बाद सुसाइड दिखाने ट्रैक पर फेंकी लाश, जांच में जुटी पुलिस

श्रीकंचनपथ न्यूज




**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिल में रेलवे ट्रैक पर लाश मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में ले लिया। शुरुआती जांच में पता चला है कि युवक की हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक पर फेंका गया। दरअसल आरोपी ने हत्या को आत्महत्या या हादसे का रूप देने के लिए यह किया। हालांकि पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मामला जिले के तोरवा थाना क्षेत्र का है।

बता दें शनिवार की सुबह दोमुहानी गांव के लोगों ने रेलवे ट्रैक पर युवक के शव को देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची तोरवा थाने की पुलिस ने जांच में पाया कि युवक की हत्या की गई है। आसपास गांव में पूछताछ करने पर युवक को लेकर कुछ भी पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को मरच्यूरी में रखवा दिया है। मृतक की उम्र 30 से 35 साल के आसपास का बताया जा रहा है।

पुलिस को मृतक के शरीर पर चोट के कई निशान मिले हैं। इसी से अंदाजा लगाया जा रहा है कि उसकी हत्या की गई है। हत्या के बाद आरोपी इसे हादसा या आत्महत्या का मामला बनाना चाहता था इसलिए उसने लाश को रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया। पुलिस को मृतक के पैर में रस्सी लिपटी भी दिखी है। लाख कोशिशों के बाद भी मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने आसपास के थानों में मृतक की तस्वीर भेजी है और सीसी टीवी फुटेज भी खंगाल रही है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम अभी नहीं कराया है। पुलिस का कहना है कि पहले शव की शिनाख्त हो जाए उसके बाद पीएम कराया जाएगा।

## रानीदहरा वाटरफॉल गए दो युवकों की डूबने से हो गई मौत



श्रीकंचनपथ न्यूज

**कबीरधाम।** छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में बड़ा हादसा हो गया। यहां के रानीदहरा जलप्रपात पिकनिक मनाने गए दो युवकों की मौत हो गई है। दोनों यहां वाटर फॉल के पास घूमने गए थे और नहाने के दौरान गहराई में चले गए। हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों को बाहर निकलवाया। मृतकों की पहचान राहुल ठाकुर पिता ललित ठाकुर (25) व शुभम झरिया पिता अशोक झरिया (25) के रूप में हुई है। मामला बोड़ला थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार घटना शनिवार शाम की है। कवर्धा के रहने वाले अजीत कुंभकार अपने साथियों के साथ रानी दहरा वाटरफॉल पिकनिक मनाने गए थे। पिकनिक के दौरान सभी नहाने लगे। इस दौरान राहुल ठाकुर व शुभम झरिया गहराई में चले गए। इसके बाद दोनों डूबने लगे। यह हादसा लगभग 4:30 बजे की है। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई और दोनों की तलाश शुरू की गई। रात होने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन बंद कर दिया गया था।

बोड़ला थाना प्रभारी चुरेंद्र ने बताया कि सभी युवक स्कार्पियो वाहन से पिकनिक मनाने रानीदरहा जलप्रपात में पहुंचे थे। जलप्रपात किनारे में खाना खाकर, कुछ साथी जलप्रपात के पानी में नहा रहे थे। इसी दौरान दो युवक नहाते समय जलप्रपात के पानी में डूब गए। उनके साथियों द्वारा गमछा शर्ट का रस्सी बनकर बचाने का प्रयास किया, लेकिन नहीं बचा पाए। रविवार को सुबह रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। तब दोनों युवक के शव बरामद किए गए। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

## कार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर एक की मौत और तीन घायल



**गौरेला पेंड्रा मरवाही (ए)।** छत्तीसगढ़ के गौरेला पेंड्रा मरवाही में सड़क हादसा हो गया। एमपी से छत्तीसगढ़ लौटते वक्त एक कार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई। वहीं इस हादसे में तीन लोग घायल बताए जा रहे हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक गौरेला पेन्ड्रा मुख्य मार्ग में सड़क हादसे की घटना हुई है। हादसे में रायपुर के व्यक्ति की मौत हो गई है। अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से हादसा हुआ है। स्विफ्ट कार में सवार होकर सभी रायपुर लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि घायल आयुष अग्रवाल उम्र 24 वर्ष, अनुराग चंद्राकर उम्र 25 वर्ष अतुल उम्र 26 वर्ष, पंकज एनल उम्र लगभग 50 वर्ष सभी निवासी हर्ष विहार दलदल सिवनी रायपुर थाना मोवा के रहने वाले हैं, जो बिजुरी मध्य प्रदेश से गौरेला टेंपल ट्री होटल जाते समय हादसे का शिकार हो गए। पंचम कॉलोनी के पास मारुति स्विफ्ट को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। अज्ञात वाहन से ठोकर लगने से तीन साथी घायल हो गए हैं, जिसमें से पंकज एनल की मौत हो गई। वहीं सभी घायलों को जिला अस्पताल गौरेला में शिफ्ट किया गया है।

## नहाने के दौरान तीन बच्चों की कुएं में डूबने से हुई मौत

**अम्बिकापुर (ए)।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के लुंड्रा थानाक्षेत्र अंतर्गत ग्राम बकनाकला में दो चचेरी बहनों सहित तीन बच्चों की पानी से लबालब भरे कुएं में डूबने से मौत हो गई। तीनों बच्चे खेत में बने कुएं में शुक्रवार को नहाने गए थे और वापस नहीं लौटे। एक चार वर्षीय बालिका का शव शुक्रवार शाम को कुएं में मिला था। दो अन्य बच्चों की परिजन तलाश कर रहे थे। शनिवार सुबह शंका होने पर परिजन कुएं के पास पहुंचे तो छह वर्षीय व 13 वर्षीय दो बालिकाओं का शव भी तैरता हुआ मिला। तीनों बच्चों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम बकनाकला निवासी रेणुक(4) पिता ननकू नगेशिया राम , तारा (6) पिता चुकलू नगेशिया और शोभनी नगेशिया (13) पिता मुखदेव शुक्रवार सुबह खेलते हुए गांव के बाहर खेत में बने कुएं के पास पहुंच गए। तीनों बच्चे कुएं के पानी में नहाने लगे और डूब गए। बच्चे जब देर शाम तक घर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की, लेकिन तीनों का कोई पता नहीं चला। इस बीच शुक्रवार शाम करीब छह बजे रेणुका का शव गांव के बाहर खुले कुएं में तैरता मिला। परिजनों को इसकी सूचना मिली तो वे मौके पर पहुंचे और लुंड्रा पुलिस को सूचना दी गई। दो अन्य लापता बच्चियों तारा व शोभनी का पता नहीं चल सका।

परिजनां को लापता बालिकाओं को लेकर चिंता थी। शनिवार सुबह परिजन जब कुएं के पास पहुंचे तो तारा एवं शोभनी नगेशिया का शव कुएं में तैरता मिला। कुएं में दो अन्य बच्चों का शव मिलने से गांव में हड़कंप मच गया। लुंड्रा थाना प्रभारी संपत पोटाई पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

## अवैध संबंध के शक पर पत्नी की हत्या, शव को बाड़ी में दफनाया, बंदूक के साथ पकड़ा गया आरोपी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बलरामपुर।** बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ थानाक्षेत्र में पति ने पत्नी की पीट-पीटकर हत्या कर दी और उसके शव को घर की बाड़ी में दफन कर दिया। आरोपी पति को शक था कि उसकी पत्नी का किसी और के साथ अवैध संबंध है। पत्नी के शव को दफनाने के बाद शव को जल्दी गलाने के लिए उसने शव में नमक डाल दिया था। महिला के गायब होने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को बरामद कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पति आदतन बदमाश है। उसके पास से भरमार बंदूक भी जब्त किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार शंकरगढ़ थाना के तहत ग्राम जम्हाटी निवासी मानमती पति घेलू उरांव (48) का पति से 28 अगस्त को विवाद हुआ था। इसके बाद से वह गायब हो गई। पड़ोसियों और गांववालों ने मानमती के संबंध में पति घेलू राम से पूछताछ की तो उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। घेलू राम के आदतन बदमाश व पूर्व में हत्या व अनाचार के मामलों का आरोपी होने के कारण पड़ोसियों को शंका हुई तो उन्होंने शंकरगढ़ पुलिस को मानमती के गायब होने की सूचना दी।

पुलिस ने उसके घर पहुंचकर खोजबीन की तो उसके घर में कुछ स्थानों पर खून के छींटे मिले। पुलिस ने आसपास पड़ताल की तो उसकी बाड़ी में कुछ दिनों पूर्व खोदी हुई मिट्टी मिली। पुलिस ने घेलू राम को पकड़कर कड़ाई से पूछताछ की तो उसने विवाद के बाद पत्नी की पीट-पीटकर हत्या करना एवं शव को बाड़ी में दफनाने की जानकारी दी। पुलिस ने दंडाधिकारी से अनुमति लेकर शनिवार को मानमती के शव को कब्र से खोदकर निकाला गया।



### अवैध संबंध की शंका पर हुआ था विवाद

एएसपी चंद्रेश सिंह ठाकुर ने बताया कि पुलिस पूछताछ में पता चला कि घेलू राम उरांव (55) को शक था कि उसकी पत्नी मनमाती का किसी गैर व्यक्ति से अवैध संबंध है। 28 अगस्त को वह नशे की हालत में घर पहुंचा एवं दोपहर में इसे लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था। विवाद के बाद घेलू राम ने डंडे और लात घूंसों से मानमती को इतना पीटा कि उसकी मौत हो गई। साक्ष्य छिपाने एवं पुलिस से बचने के लिए उसने शाम को पत्नी के शव को बाड़ी में गड्ढा खोदकर दफना दिया। शव को जल्दी गलाने के लिए उसने बड़ी मात्रा में नमक भी शव के उपर डाला था। इसके बाद वह बेखौफचैन की नींद सोता रहा।

### आदतन अपराधी है आरोपी

एएसपी चंद्रेश सिंह ठाकुर ने बताया कि आरोपी घेलू राम उरांव के कब्जे से एक भरमार बंदूक सहित डंडा और फावड़े को जब्त किया गया है। आरोपी पूर्व में भी हत्या, बलात्कार जैसे गंभीर मामलों में जेल जा चुका है। उसने भरमार बंदूक 12 हजार रुपये में खरीदना बताया है। पुलिस आरोपी के खिलाफधारा 302, 201 व आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई कर रही है।

## घर के बाहर सो रहे अधेड़ की हत्या, धारदार हथियार से हमला कर उतारा मौत के घाट

श्रीकंचनपथ न्यूज



**जांजगीर चांपा।** जांजगीर चांपा जिले के ढाबाडीह में घर के बाहर खाट पर सोए हुए श्रवण कुमार की धारदार हथियार से सिर पर हमला कर हत्या की गई है। खून के छीटें दीवारों में भी पड़ी है। वह रात्रि में घर के बाहर सोया हुआ था। मौके पर एफएसएल और डॉग एस्कॉर्ट की टीम भी पहुंची हुई है। पामगढ़ थाना क्षेत्र की है घटना, किस वजह से हत्या की गई है इसका पता नहीं चला पाया है।

मिली जानकारी अनुसार मृतक श्रवण कुमार का बड़ा बेटा रात्रि करीबन तीन बजे घर आया तो देखा की उसका पिता श्रवण कुमार जोकि घर के बाहर खाट पर खून से लथपथ पड़ा हुआ था। जिसके बाद अपने पिता की इस हालत में देख गांव के लोगों को इसकी सूचना दी। मृतक के बेटे ने बताया की वह अपनी मां के साथ बिलासपुर में रोजी मजदूरी के काम करते है। रक्षाबंधन मानने के लिए गांव आए हुए थे। मां और छोटा भाई मामा के घर विद्याडीह गए हुए थे। वहीं पुलिस को भी सूचना दी गई।

शनिवार को पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मौके पर बिलासपुर से एफएसएल की टीम पहुंची हुई है और हत्या की सुराग जुटने में लगी हुई है। वहीं डॉग स्क्वायड की टीम की मदद ली जा रही है। बताया जा रहा है की शुक्रवार की रात्रि करीबन 10 बजे से बिजली बंद थी,जोकि 1.30 बजे लगभग बिजली आई थी। बिजली बंद होने के कारण गर्मी से परेशान लोग घरों के बाहर ही सो रहे थे। आसंका जताई जा रही है कि 12 से 1बजे के बीच हत्या की गई है।

एसपी विजय अग्रवाल ने कहा कि मृतक श्रवण कुमार कुर्रे के सिर पर किसी धारदार हथियार से हमला किया गया है जिसके खून के छीटें दीवारों में भी लगी हुई है। हत्या करने की वजह अभी सामने नही आई है। पुलिस हर एक पहलुओं पर जांच की जा रही है। जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:- 9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

# भिलाई चेम्बर ने स्कूल में किया गुरुओं का सम्मान



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छतीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई इकाई समाज सेवा में निरंतर नए नए आयाम स्थापित करती रहती है। इसी कड़ी में भिलाई चेम्बर द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर गुरुओं का सम्मान किया जा रहा है।आज अजय भसीन के नेतृत्व में शारदा विद्यालय ,कन्या विद्यालय वैशाली नगर,किड्स वर्ल्ड व के पी एस सुंदर नगर के शिक्षको का सम्मान किया गया।

अजय भसीन ने बताया कि शिक्षक हमारे दिमाग को आकार देते हैं और हमारे सपनों को संवारते हैं। शिक्षकों कि ही देन है कि हम आगे चलकर अपने जीवन में सफल होते हैं। हर एक इंसान के जीवन में शिक्षकों या गुरुओं का बहुत ही योगदान है। क्योंकि अगर शिक्षक नहीं होते तो आने वाली पीढ़ियों को अच्छा ज्ञान नहीं मिल पाता है। उन्होंने एक उद्देश्य के साथ शिक्षको का सम्मान किया अपने उद्देश्य को बताते हुए भसीन ने कहा कि आने वाला समय स्वर्णिम समय है शिक्षक बच्चो को आत्म निर्भर बनने उनका आत्म संकल्प मजबूत करने में अहम भूमिका निभाते है। इसी भावना के साथ सभी शिक्षक छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने व उनकी स्किल डेवलप करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी नॉकरी देने वाली बने ताकि हमारा राष्ट्र विश्व गुरु बने व विकसित देश कहलाये। सभी शिक्षको को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

भिलाई चेम्बर के इस अभिनव प्रयास की सभी शिक्षकों ने प्रशंसा की। इस अभियान में मुख्य रूप से अजय भसीन,शंकर सचदेव,मनोहर कृष्णानी, सरमद इमाम,ठाकुर गौतम सिंह,विनय सिंह, शिवराज शर्मा व सुनील मिश्रा उपस्थित रहे। यह सूचना शंकर सचदेव ने दी।

## मेगा प्लेसमेंट के माध्यम से 482 युवाओं का चयन



श्रीकंचपनथ न्यूज

**दुर्ग।** जिला प्रशासन द्वारा संचालित रोजगार अभियान सृजन कार्यक्रम अंतर्गत जिला रोजगार कार्यालय दुर्ग द्वारा स्थान - संजय रुंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट भिलाई में मेगा प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया गया। इस प्लेसमेंट कैम्प में प्रदेश के 07 नियोजक एवं अन्य राज्यों के 08 नियोजकों ने इस प्लेसमेंट ड्राइव में साक्षात्कार लिया 4 कंपनी द्वारा गूगल मिट के माध्यम से साक्षात्कार लिया।


लगभग 800 युवा प्रदेश के विभिन्न जिलों से इस कैम्प ने साक्षात्कार के लिये उपस्थित हुए। एडविक हाई टेक - 123 युवाओं को ऑन द स्पॉट ऑफर लेटर वितरित किया। बजाज मोटर - 35, न्यू अलनबेरी- 38, जगुआर मोटर -15, सिस्कोल- 20, टाटा मोटर- 136, भिलाई आयरन एंड स्टील कंपनी लिमिटेड- 22, कोठारी इंजीनियरिंग वर्क्स-35, भवानी एंड कंपनी-08 इस प्रकार कुल 359 युवाओं को प्रारम्भिक रूप से एवं 123 युवाओं का अंतिम रूप से चयन किया है।

शेष कंपनी में चयन प्रक्रियाधीन है। इस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन आर.के.कुर्रे, उपसंचालक जिला रोजगार कार्यालय दुर्ग के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में संजय रुंगटा डायरेक्टर, संजय रुंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट भिलाई एवं अभिषेक सोनी प्लेसमेंट ऑफिसर संजय रुंगटा कॉलेज भिलाई विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## खास - खबर

### 66 एम.एल.डी.फिल्टर का वाल्व सुधरा, शाम को होगा पानी की सप्लाई

**भिलाई।** निगम ने 66 एम.एल.डी.फिल्टर प्लांट मे लगातार 40 घंटे सुधार कार्य चला कर खराब वाल्व को बदला शनिवार को जोन 1 के पाँच जलागार मे पानी भरने के बाद शाम को घरो मे पानी सप्लाई शुरू होगा। आयुक्त रोहित व्यास सुधार कार्य पर लगातार निगरानी रखे रहे और सुधार कार्य मे लगे अभियंताओं तथा तकनिकी विशेषज्ञ को आवश्यक निर्देश देकर सुधार कार्य मे आ रहे बाधा को दुर किये ।66 एम.एल. डी. फिल्टर प्लांट के मेन राईजिंग पाईप लाईन मे 800 एम.एम. डाया का वाल्व खराब हो जाने के कारण गुरूवार की रात्रि से वाल्व के सुधार कार्य मे निगम के इंजीनियर अपने तकनिकी विशेषज्ञो के साथ लगे रहे जिससे जोन 1 नेहरू नगर क्षेत्र के 5 बडी पानी टंकी मे जल भराव नही होने के कारण चिन्हित मोहल्लों मे पेय जल की आपूर्ति बाधित हुआ.था ।800 एम.एम.का डाया को बदल लेने बाद अब शाम को सभी क्षेत्रो मे पानी की सप्लाई किया जाएगा।



### ध्यानचंद जयंती पर प्रतिभावान खिलाड़ियों का सम्मान

**दुर्ग।** ताम्रकार धर्मशाला शिक्षक नगर दुर्ग में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जयंती पर स्टार स्पोर्टस क्लब के तत्वाधान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें नगर के प्रतिभावान हाकी खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्यानचंद की तस्वीर में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने सारगर्भित उद्बोधन से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। अतिथियों ने सिनियर ग्रु प से हॉकी खिलाड़ी योगेश यादव, गुलशन कुमार, जुनियर ग्रुप से आलोक, सागर, शुभांगी दुबे, अक्शा परवीन एवं सब जूनियर ग्रुप से रितिक यादव, शारिक अहमद, अदिति देवांगन तथा गौरी देवांगन को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व हाकी खिलाड़ी एवं कोच सूर्यमणि मिश्रा ने की, प्रतिवेदन क्लब के सचिव अरविंद का ताम्रकार ने प्रस्तुत किया। संचालन सहसचिव सुभाष ढोले एवं आभार प्रदर्शन मनोज ताम्रकार ने किया। इस दौरान क्लब के वरिष्ठ सदस्य शैलेन्द्र मिश्रा, शम्भू अग्रवाल एवं दिनेश ताम्रकार उपस्थित रहे।

### न्यायाधीश नरेन्द्र कुमार जैन पहुंचे उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा, तीर्थपति का किया दर्शन

**दुर्ग।** न्यायाधीश नरेन्द्र कुमार जैन अध्यक्ष अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान आयोग नई दिल्ली (केबिनेट मंत्री दर्जा) तीर्थ पति के दर्शनार्थ.श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ पधारें। तीर्थपति के दर्शन वंदन पश्चात तीर्थ मे चातुर्मासार्थ विराजित प पू साध्वी श्री मुक्तिप्रिया श्री जी म सा से मांगलिक ग्रहण किए। तीर्थ प्रबंधन की ओर से मैनेजिंग ट्रस्टी पुखराज दुगड़, ट्रस्टी भीखमचंद कोठारी, मूलचंद जैन, सुरेश बागमार, पुखराज मुणोत्त ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर प्रकाश बाकलीवाल, मलय जैन, राजेश जैन सहित पारस टीवी चैनल के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रकाश मोदी उपस्थित थे।

## युवा प्रबंधकों के लिए सेल चेयरमेन ट्रॉफी एंड डायरेक्टर इन्चार्ज ट्रॉफी आयोजित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल के प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान (एमटीआई) में चेयरमेन्स ट्रॉफी एंड डायेरेक्टर इन्चार्ज ट्रॉफी 2023-24 का सेल स्तरीय आयोजन किया जायेगा। प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान में सेल के एकीकृत इस्पात संयंत्रों एवं सेल की अन्य सर्विस यूनिटो का प्रतिनिधित्व करने वाली विभिन्न इकाइयों के फाइनलिस्ट टीमों द्वारा तकनीकी पेपर प्रस्तुत किए जाएंगे। इस सेल स्तरीय प्रतियोगिता में पात्रता हासिल करने हेतु संयंत्र स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। संयंत्र स्तर पर प्रथम आने वाली टीम को एमटीआई, रांची में होने वाले सेल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु पात्रता प्राप्त होती है। उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता में सेल में 45 वर्ष की आयु तक के सभी कार्यपालक भाग लेने के पात्र होते हैं। इच्छुक प्रतिभागी निर्धारित प्रारूप में अपने विभागाध्यक्ष के माध्यम से अपने प्रशिक्षण प्रमुख या मानव संसाधन विकास विभाग को 15 सितंबर 2023 तक आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। इस प्रतियोगिता के लिए शोध पत्र, अपने प्रशिक्षण प्रमुख या मानव संसाधन विकास विभाग को 15 नवंबर 2023 को या उससे पहले तक प्रस्तुत किया जाना है। संयंत्र स्तर पर चयन समिति भिलाई स्टील प्लांट से सर्वश्रेष्ठ 03 विजेता टीमों का चयन करेगी। डीआईसीटीवाईएम के लिए 30 नवंबर, 2023 से पहले टीमों द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले प्रस्तुतिकरण और कागजात के आधार पर यह चयन किया जायेगा। वहीं सीटीवाईएम के लिए सेल-स्तर पर चैंपियंस और उपविजेता टीमों को चुनने के लिए 31 जनवरी 2024 के पहले एक प्रस्तुति आयोजित की जाएगी।

प्रतियोगिता का उद्देश्य युवा प्रबंधकों में रीडिंग और प्रबंधन अवधारणाओं द्वारा उनके प्रबंधकीय उत्कृष्टता एवं आत्म-विकास को प्रोत्साहित करना है। जिससे कंपनी के प्रबंधन में नए विचारों और अवधारणाओं का आगमन हो सके। यूनिट स्तर प्रतियोगिता के विजेता को डायरेक्टर 'इन्चार्ज ट्रॉफी से सम्मानित' किया जाएगा जो सीटीवाईएम के अंतिम चरण के लिए सेल की अन्य इकाइयों की टीमों के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे। वे 15 सितम्बर 2023 तक रजिस्ट्रेशन कर लेंवे एवं प्रतियोगिता के विषय पर पेपर 15 नवंबर 2023 को या उससे पहले जमा करें।

## एमआरडी विभाग में राजभाषा कार्यशाला संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** बीएसपी के एम.आर.डी. विभाग के सभागार में 01 सितम्बर 2023 को विभाग प्रमुख व मुख्य महाप्रबंधक सुशील कुमार के मुख्य आतिथ्य एवं महाप्रबंधक दीनामणि नायक, सहायक महाप्रबंधक अवनीश दुबे, वरिष्ठ प्रबंधक लव कुमार तथा अन्य अधिकारियों एवं कार्मिकों की उपस्थिति में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया।



मुख्य अतिथि सुशील कुमार ने कहा कि हिंदी हमारे देश की प्रमुख भाषा है, यह आम जनमानस की भाषा है व हृदय को छूती है। हमने राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग में वृद्धि हेतु सतत् प्रयास किया है, हमारा विभाग एम.आर.डी. शत-प्रतिशत पत्राचार हिंदी में करने हेतु प्रतिबद्ध है। महाप्रबंधक श्री दीनामणि नायक ने कहा कि मैंने भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा में आने के बाद ही हिंदी बोलना तथा लिखना सीखा। मुझे गैर हिंदी भाषी होने के बावजूद हिंदी में पत्राचार एवं अन्य कार्यालयीन कार्य करना बहुत ही अच्छा लगता है। अपने सहकर्मियों से हिंदी में संवाद करने से अपनेपन की अनुभूति होने के साथ ही साथ कार्यों को समझने व करने में भी सुविधा होती है।

जूनियर ऑफिसर एवं विभागीय राजभाषा समन्वय अधिकारी श्री कुलदीप सिंह तोमर ने बताया कि विभाग में अधिकाधिक कार्य हिंदी में किया जा रहा है। कार्यक्रम में राजभाषा विभाग द्वारा सामान्य ज्ञान पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एस.के. खोब्रागड़े, चार्जमेन, द्वितीय स्थान मनीष श्रीवास्तव, ओसीटी, तृतीय स्थान कुलदीप सिंह तोमर, जूनियर ऑफिसर, प्रोत्साहन पुरस्कार अवनीश दुबे, सहायक महाप्रबंधक, बी. ईश्वर राव, प्रबंधक एवं प्रशांत यादव, प्रबंधक ने प्राप्त किया। मुख्य महाप्रबंधक, सुशील कुमार ने समस्त प्रतिभागियों को टोकन गिफ्ट भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में चार्जमेन कमलेश कुमार राजपूत ने हिंदी की स्पष्टता एवं सरलता को उदाहरणों के साथ प्रस्तुत करते हुए विभागीय स्तर पर हिंदी में किए जा रहे उल्लेखनीय प्रयासों की रोचक प्रस्तुति देकर अपने विचार व्यक्त किए।

सहायक प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने राजभाषा के सांविधिक प्रावधानों की जानकारी दी तथा ऑनलाइन गूगल वॉइस टाइपिंग का प्रशिक्षण दिया। साथ ही ऑनलाइन नोटशीट सिस्टम सैप में हिंदी में नोटशीट बनाने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को राजभाषा हिंदी में समस्त कार्य करने हेतु शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन सहायक महाप्रबंधक अवनीश दुबे ने किया। कार्यक्रम का संचालन जूनियर ऑफिसर एवं विभागीय राजभाषा समन्वय अधिकारी कुलदीप सिंह तोमर ने किया।

## नवदृष्टि फाउंडेशन का पहला त्वचा दान एवं नेत्रदान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** दीपक नगर निवासी श्रीमती कुसुम तोपखानेवाले के निधन के पश्चात उनके परिवार ने उनके नेत्रदान एवं त्वचा दान कर समाज को समर्पित किया उनकी पुत्री तृप्ति,नीति,मुक्ति एवं दामाद अजय, सुनील, एवं मुकेश ने देहदान एवं त्वचा दान हेतु सहमति दी। निधन का समाचार मिलते ही नवदृष्टि फाउंडेशन के कुलवंत भाटिया,राज आढ़तिया,रितेश जैन दीपक नगर निवास पहुंचे व नेत्रदान, त्वचा दान हेतु व्यवस्था संभाली।

श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के डॉ पुष्पेंद्र सिंह लहरे व नेत्र प्रभारी विवेक कसार ने कुसुम के कॉर्निया कलेक्ट किए एवं विवेक कसार ने कहा नवदृष्टि फाउंडेशन के प्रयास से नेत्रदान हेतु जागरूकता बढ़ी है जो हमारे आस पास के क्षेत्र के लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डॉ अजय गोवर्धन ने परिवार को त्वचा दान हेतु परिवार को सहमत किया एवं सौरव कुलकर्णी ने नेत्रदान हेतु प्रयास कर सहमति ली।



सेक्टर 9 हॉस्पिटल के डॉ अनिरुद्ध मेने के निर्देशन में रश्मि सिस्टर,संजय,मोहम्मद कमर,राजेश,राजेंद्र ने स्कीन कलेक्ट की , जो की बर्न यूनिट में गंभीर रूप से भर्ती मरीजों के कार्य आएगी व् उन्हें नया जींवन मिलेगा। राज आढ़तिया ने कहा नव दृष्टि फाउंडेशन के प्रयास से यह पहला स्कीन डोनेशन है एवं समाज को नेत्रदान की तरह त्वचा दान हेतु भी जागरूक करना होगा ताकि आने वाले समय में अधिक से अधिक लोग त्वचा दान करें।

नवदृष्टि फाउंडेशन की ओर से अनिल बल्लेवार ,कुलवंत भाटिया,राज आढ़तिया, प्रवीण तिवारी,मुकेश आढ़तिया, हरमन दुलई,मंगल अग्रवाल,किरण भंडारी, रितेश जैन,जितेंद्र हासवानी, उज्जवल पींचा ,सत्येंद्र राजपूत, सुरेश जैन,राजेश पारख,पियूष मालवीय, विकास जायसवाल,मुकेश राठी,प्रभु दयाल उजाला, प्रमोद बाघ,सपन जैन ,यतीन्द्र चावड़ा , बंसी अग्रवाल, अभिजीत पारख,सूरज साहू ,मोहित अग्रवाल, चेतन जैन,दयाराम टांक ने श्रीमती कुसुम तोपखानेवाले को श्रद्धांजलि दी परिवार को साधुवाद दिया।

## मोबाइल मेडिकल यूनिट में अब तक 194539 मरीजों ने लिया स्वास्थ्य लाभ

**भिलाई।** मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत मोबाइल मेडिकल यूनिट निगम क्षेत्र के वार्ड एवं मोहल्ले में पहुंचकर स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर लोगों को बेहतर उपचार की सुविधा उपलब्ध करा रही है। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत तीन मोबाइल मेडिकल यूनिट एवं एक दीदी क्लीनिक संचालित हो रही है। मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से लगातार लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही है। अब तक मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 2418 कैंप लगाए जा चुके हैं और इस कैंप में 194539 लोगों ने अपना स्वास्थ्य लाभ लिया है। 51410 मरीजों का लैब टेस्ट किया जा चुका है तथा 172607 मरीजों को फ्री में दवाई का वितरण किया गया है। मोबाइल मेडिकल यूनिट निगम क्षेत्र के वार्ड एवं मोहल्ले में उनके बीच पहुंचकर स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर लोगों का बेहतर उपचार की सुविधा उपलब्ध करा रही है। एमएमयू में अनुभवी चिकित्सक एवं मेडिकल स्टाफ विभिन्न प्रकार के आधुनिक उपकरनो के माध्यम से लोगों का इलाज कर रहे हैं और टेस्ट के उपरांत शीघ्र रिपोर्ट दे रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक मरीजों का इलाज किया जा रहा है।

### टारगेट कम करने के बाद भी पिछड़ा दुर्ग, अब टारगेट पूरा करने का लक्ष्य

# भिलाई निगम राजस्व वसूली में सबसे आगे, तय लक्ष्य का 50 फीसदी टैक्स निगम खाते में जमा

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। दुर्ग जिले की चारों नगर निगमों में टैक्स वसूली के मामले में भिलाई निगम ने इस बार बाजी मारी है। भिलाई ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के छह महीने में टारगेट की 50% राशि वसूल कर ली है। भिलाई निगम ने 123.75 करोड़ रुपए का टारगेट तय किया है, जिसमें से छह माह में 52.41 करोड़ रुपए वसूला जा चुका है। दूसरे नंबर पर रिसाली निगम है। दुर्ग निगम राजस्व वसूली के लिए डिमांड 21.01 करोड़ तय की है, जिसमें से 4.31 करोड़ रुपए वसूले जा सके हैं।




रिसाली निगम में 17.05 करोड़ के टारगेट में से 6.09 करोड़ कलेक्शन हुआ है। इसी तरह भिलाई-चरोदा निगम की 8.56 करोड़ रुपए की डिमांड में से 2.09 करोड़ रुपए निगम के खाते में जमा हो सके हैं।

नगर निगम भिलाई के बाद जिले की चारों निकायों में सबसे ज्यादा राजस्व वसूली रिसाली निगम में हुई है। जून महीने के अंत तक जारी आंकड़ों के मुताबिक 17.05 करोड़ के लक्ष्य में 6.09 करोड़ रुपए राशि वसूली हो चुकी है, जो टारगेट का 35.72 फीसदी है। इसके बाद भिलाई-चरोदा निगम ने 24.40% राजस्व वसूला है। यह राशि 8.56 करोड़ के तय लक्ष्य की 2.09 करोड़ रुपए है। केवल दुर्ग निगम ने निर्धारित लक्ष्य की 21.01 करोड़ में से 4.31 करोड़ रुपए वसूले हैं, जो कुल टारगेट का 20.54% राशि है।जबकि दुर्ग नगर निगम बीते वर्ष इस मामले में सबसे आगे रहा है। इस बार लक्ष्य घटाने के बावजूद यह स्थिति अफसरों की गंभीरता का दर्शाती है। अब शेष महीनों में लक्ष्य को हासिल करना चुनौती होगी।

### इस बार वसूली के लक्ष्य को भी घटाया

जिले के नगरीय निकायों ने वर्ष 2023-24 में राजस्व वसूली की डिमांड को बढ़ाया है। गत वर्ष 2022-23 भिलाई निगम में कुल डिमांड 87.84 करोड़ रुपए रही। इस बार 35.91 करोड़ रुपए ज्यादा का टारगेट तय किया है। रिसाली निगम में पिछले साल 16.44 करोड़ की डिमांड थी, जो इस बार 17.05 करोड़ रुपए है। भिलाई-चरोदा निगम में गत वर्ष के मुकाबले 2.08 करोड़ रुपए की ज्यादा वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया गया है लेकिन दुर्ग निगम ने पिछले वर्ष की अपेक्षा इस बार वसूली का टारगेट घटा दिया है। पहले 22.43 करोड़ रुपए लक्ष्य था। इस बार करीब 21.01 करोड़ निर्धारित किया है। इसके बावजूद राजस्व वसूली में बड़ा अंतर देखने को मिल रहा है।

### पिछले साल टॉप पर था दुर्ग निगम वसूली में

निकायों में राजस्व वसूली को लेकर पिछले दिनों शासन स्तर पर बैठक आयोजित की गई, जहां इस छमाही और गत वर्ष की वसूली के आंकड़े रखे गए। उन आंकड़ों के मुताबिक पिछले वर्ष जिले में सबसे ज्यादा राजस्व वसूली दुर्ग निगम में हुई। 22.43 करोड़ के टारगेट में से 99.36% यानी 22.28 करोड़ रुपए राशि जुटाई। इसी तरह भिलाई-चरोदा निगम ने भी लक्ष्य का 96.37 फीसदी राजस्व अर्जित किया। जबकि भिलाई और रिसाली निगम क्रमश: 80.87% और 83.56% राशि ही जुटा सके थे। इसके चलते चारों निकायों में भिलाई निगम ही सबसे कम वसूली हो सकी। इधर निकायों के अधिकारी लगातार राजस्व वसूली को लेकर तेजी लाने के दावे तो करते हैं, पर नतीजा नहीं दिख रहा।

## आयुक्त ने घरों और दुकानों में पहुंचकर कूलरों व टायरों में अमले के साथ डेंगू के लार्वा की जांच

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर क्षेत्र में डेंगू के रोकथाम को लेकर आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने मुहिम तेज की है। इस संदर्भ में वार्ड क्रमांक 60 कतुलबोर्ड, वार्ड 59 हरिनगर एवं वार्ड 21 क्षेत्र के अलावा क्षेत्र अंतर्गत निरीक्षण दौरा किया।उन्होंने अमले के साथ कूलरों एवं दुकानों पर रखे टायरों की जांच कर लोगो से कहा कि घर मे या आस पास पानी जमा होने न दे,आवश्यकता न हो तो कूलर में नही रखें पानी।



स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के साथ उन्होंने सफाई व्यवस्था और खाली प्लाटो में जल भराव की निकासी का जायजा लिया ओर निकासी करने की बात कही।इसी के साथ ही नागरिकों से मिलकर उन्हें घर के गमलों, टंकियों इत्यादि में पानी न जमा होने देने को लेकर जागरूक किया एवं घरों में टायर,कूलर इत्यादि को सुखाकर हटाये जाने को लेकर अपील की।डेंगू के लार्वा का प्रसार स्वच्छ ठहरे हुए जल एवं बारिश के जल भराव वाले क्षेत्रों में होता है।जिससे बचाव हेतु लोगों के बीच जनजागरूकता के साथ ही स्वच्छता विभाग की ओर से सफाई व्यवस्था बनाये रखने की आवश्यकता होती है।

वार्डो में निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने मौजूद सफाई कर्मियों को नालियों में ऑयल छिड़काव,केमिकल छिड़काव, सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देश दिए जिससे डेंगू के प्रसार को समय से पहले रोक दिया जाए।डेंगू रोकथाम एवं सफाई व्यवस्था को लेकर आयुक्त लोकेश चंद्रकए द्वारा आगे भी लगातार क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए वार्डों का निरीक्षण करेंगे एवं स्वस्थ्य विभाग अमला को निरन्तर इस हेतु तैयार रहने कहा गया है।

महापौर धीरज बाकलीवाल ने डेंगू से लड़ने घर घर अभियान चलाने और घरों और दुकानों में अभियान चलाने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिये। उन्होंने कहा कि लोगो को डेंगू व मलेरिया से बचने के लिए मच्छरदानी लगाकर सोने की सलाह दी। पानी को एक जगह एकत्रित नही रखने की समझाईश दी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950